Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवबंद में प्रसारित

दैनिक
गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक
# वेलकम इंडिया
नये भारत की नई सोच

RNI NO. UPHIN/2018/76874

वर्षः 6 अंकः 11 | शनिवार, 11 जनवरी -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## सीएम योगी ने महाकुंभ में दिया बड़ा बयान

# देश मुस्लिम लीग की मानसिकता से नहीं, आस्था के अनुरूप चलेगा



**महाकुंभनगर।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को महाकुंभ मेला क्षेत्र में ऐरावत घाट पर हुए कार्यक्रम में कहा कि एक वर्ष पूर्व अयोध्या में 500 वर्षों का इंतजार समाप्त करके रामलला का विराजमान होना और 144 वर्षों बाद इस तरह के मुहूर्त में महाकुंभ का होना, ये ईश्वर की कृपा है।

कहा कि देश मुस्लिम लीग की मानसिकता से नहीं, भारत की आस्था के अनुरूप चलेगा। हमने कभी किसी के साथ भेदभाव नहीं किया है। आइन-ए-अकबरी कहती है कि वर्ष 1528 में अयोध्या में राम जन्मभूमि पर भगवान रामलला के मंदिर को तोड़कर एक ढांचा खड़ा किया गया था। ये सारे काम मीरबाकी ने किए हैं। वर्ष 2019 में मॉरीशस के प्रधानमंत्री ने 450 लोगों के साथ डुबकी लगाई। कहा कि 2019 का कुंभ स्वच्छता के लिए जाना जाता है। कहा कि उन्होंने स्नान के साथ आचमन भी किया है। स्वास्थ्य खराब नहीं हुआ। कुछ लोगों ने दुष्प्रचार का ठेका ले रखा है। इस समय संगम पर 10 हजार 300 क्यूसेक पानी है। यह इतना पवित्र है कि स्नान भी कर सकते हैं और बिना किसी संकोच के आचमन भी कर सकते हैं। मैं खुद करता हूं। यह मेरी आस्था भी है। महाकुंभ के आयोजन पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रयागराज जिस कार्य का हकदार था, उसको प्राप्त होना चाहिए। कहा कि पुराणों में पांच हजार वर्ष पहले से उल्लेख है कि संभल में हरिविष्णु का 10वां अवतार कल्कि के रूप में होगा। पांच हजार वर्ष पहले इस्लाम नहीं था। आइन-ए-अकबरी कहती है कि 1526 में श्रीहरिविष्णु मंदिर को तोड़कर ढांचा खड़ा किया गया है। इस गलती को स्वीकार किया जाना चाहिए। उन्हें खुद से दे देना चाहिए। पूजा स्थल कानून के रिव्यू पर बोले, लगता है कि न्यायालय उसको देख रहा है और देखेगा भी। जामा मस्जिद पर बोले कि दोनों तरह के साक्ष्य हैं। शास्त्रीय प्रमाण और आस्था के साक्ष्य हैं। एक हैं तो नेक हैं, बटेंगे को कटेंगे के बयान पर बोले, इतिहास को उठाकर एक बार झांकेंगे, तब देखेंगे कि बंटे थे तो कटे थे। इतिहास की उस गलती से सबक सीखेंगे तो फिर कभी भी ऐसी नौबत नहीं आएगी कि कोई गुलामी की बेड़ियों के साथ हमें जकड़ पाएगा।

### आस्था को नई ऊंचाई देने से किसने रोका था

विपक्ष पर पलटवार करते हुए सीएम बोले, उन्होंने कभी नहीं कहा कि भाजपा ने खुद को महाकुंभ के आयोजन से जोड़ा है। इस आस्था को नई ऊंचाई देने से किसने रोका था। वर्ष 2017 के पहले यही आयोजन गंदगी का पर्याय बनता था। वर्ष 2013 के महाकुंभ में क्या स्थिति थी, मॉरीशस के तत्कालीन प्रधानमंत्री ने गंदगी देख आंखों से आंसू बहाकर दुखी मन से कहा था कि क्या यही गंगा है और वापस चले गए थे।

## राइट टर्न लेगा बिहार, इस बार तेजस्वी सरकार, लालू यादव का नीतीश सरकार पर पोस्टर वार

**नई दिल्ली।**



एक पोस्ट साझा करते हुए लालू ने एक्स पर लिखा कि सही का चुनाव करें, अबकी बार बदलाव करें! उन्होंने आगे लिखा कि एक पथ पर भ्रष्टाचार का गिरने वाला पुल है। बेरोजगारी है, गरीबी है, पलायन है, अपराध है। कराह रहा अपना बिहार है। बिहार में इस साल विधानसभा के चुनाव होने है। ऐसे में बिहार की सियासत तेज है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को लेकर भी अटकलों का दौर जारी है। इन सबके बीच राजद सुप्रीमों लालू यादव ने नीतीश कुमार पर पोस्टर वार किया है। एक पोस्ट साझा करते हुए लालू ने एक्स पर लिखा कि सही का चुनाव करें, अबकी बार बदलाव करें! उन्होंने आगे लिखा कि एक पथ पर भ्रष्टाचार का गिरने वाला पुल है। बेरोजगारी है, गरीबी है, पलायन है, अपराध है। कराह रहा अपना बिहार है। लालू ने दावा किया कि दूसरे पथ पर युवाओं के लिए नियुक्ति व रोजगार है, माई-बहिन का मान है, विधवाओं का सम्मान है, बुजुर्गों व दिव्यांगों का सहारा है, 200 यूनिट मुफ्त बिजली से बिल की बचत से रोशन होता घर है, नया बिहार का संकल्प है। राइट टर्न लेगा बिहार, इस बार तेजस्वी सरकार। इससे पहले नीतीश कुमार ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद यादव के विपक्षी दल इंडिया गुट में शामिल होने के निमंत्रण को खारिज कर दिया था।

## विराट अनुष्का ने मथुरा में संत प्रेमानंद का आशीर्वाद लिया



**नई दिल्ली।**

संत प्रेमानन्द ने दंपति के बारे में कहा कि हम तो साधना के जरिए कुछ ही लोगों को आनंदित करते हैं जबकि दोनों (विराट और अनुष्का) अपने कर्म से पूरे देश को आनंदित करते हैं।

भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली और उनकी पत्नी व अभिनेत्री अनुष्का शर्मा ने शुक्रवार को वृन्दावन पहुं ?चकर संत प्रेमानन्द का आशीर्वाद लिया। दंपति अपने दोनों बच्चे वामिका और अकाय के साथ वृंदावन स्थित आश्रम श्रीराधा केली कुंज पहुंचे और आशीर्वाद लिया। अनुष्का का परिवार (यानि उनके माता–पिता) पहले से संत प्रेमानन्द का शिष्य है। इसे पहले दंपति दो बार संत प्रेमानन्द के आश्रम में आ चुके हैं। प्रेमानन्द महाराज ने विराट को कुशलता का आशीर्वाद देते हुए निरंतर अभ्यास पर नियंत्रण रखने को कहा। उन्होंने विराट से कहा कि अगर अभ्यास पुष्ट हो गया तो जीत पक्की है, ज्यादा चिंता न करें।

## घने कोहरे के साथ ठंड का सितम जारी देरी से चल रहीं 100 से ज्यादा ट्रेनें

**नई दिल्ली।**



ठंड और कोहरे से उत्तर भारत के राज्यों को अभी कुछ दिन राहत मिलती नहीं दिख रही है। मैदानी इलाकों में कड़ाके की ठंड के साथ कोहरा परेशानी का कारण बना हुआ है। वहीं पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी से जनजीवन प्रभावित है। घने कोहरे के कारण शुक्रवार को भी दिल्ली में कई जगहों पर सुबह दृश्यता शून्य रही।

इस कारण आइजीआइ एयरपोर्ट पर 150 के करीब उड़ानें विलंबित रहीं। 33 से अधिक ट्रेनें दिल्ली से देरी से चलीं जबकि 100 से अधिक ट्रेनें विलंब से दिल्ली पहुंचीं। घने कोहरे के कारण सड़कों पर भी वाहन रेंगते नजर आए और कई जगहों पर हादसे भी हुए। शुक्रवार को कश्मीर में अधिकांश स्थानों पर तापमान जमाव बिंदु शून्य से नीचे रहा। पहलगाम माइनस 10 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ घाटी का सबसे ठंडा रहा। वहीं जम्मू एयरपोर्ट पर घने कोहरे के कारण शुक्रवार को छह उड़ानें रद कर दी गईं। उत्तराखंड में कोहरे और धुंध के साथ बादल छाने से दून समेत आसपास कड़ाके की ठंड रही। मौसम विभाग के अनुसार, अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हिमपात के आसार हैं। निचले इलाकों में कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ ओलावृष्टि को लेकर भी यलो अलर्ट जारी किया गया है। इधर हिमाचल में शुक्रवार को पहाड़ों पर खिल रही धूप, मैदानी क्षेत्रों में घने कोहरे व तेज शीतलहर ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। प्रदेश में सबसे कम न्यूनतम तापमान लाहुल-स्पीति के ताबो में -11.7 डिग्री सेल्सियस रहा। मनाली-केलंग मार्ग पर हिमपात के कारण बाधित बस सेवा तीन सप्ताह बाद बहाल हुई। मौसम विभाग के अनुसार, शनिवार को दोपहर बाद से ऊंचे क्षेत्रों में कुछ स्थानों पर हिमपात व कुछ निचले स्थानों पर वर्षा की संभावना है। अगले चार दिनों तक ऐसा ही मौसम रहने की संभावना है। प्रदेश में घने कोहरे के चलते दृश्यता 50 मीटर से कम होते ही उड़ानों और ट्रेनों का संचालन प्रभावित हुआ।

### एनसीआर में घने कोहरे का असर रहा दिनभर

पूरे दिल्ली–एनसीआर में घने कोहरे का असर रहा दिनभर रहा। दिल्ली में शुक्रवार को न्यूनतम तापमान 9.6 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग ने उत्तर भारत विशेष तौर से दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में अगले कुछ दिन घना कोहरा होने की चेतावनी जारी की है। जम्मू–कश्मीर में कड़ाके की ठंड के बीच मौसम विभाग ने शनिवार को फिर ताजा बर्फबारी और वर्षा की संभावना जताई है।

### उप्र में पड़ सकती हैं बौछारें 14 तक घना कोहरा

उत्तर प्रदेश में मौसम विभाग ने शनिवार को पूर्वी व पश्चिमी हिस्सों में हल्की बारिश होने की संभावना जताई है। सुबह–शाम के साथ रात में कोहरा छाया रहेगा। लखनऊ समेत कई जिलों में वज्रपात भी हो सकता है। शुक्रवार सुबह हल्की धूप होने से सर्दी से थोड़ी राहत मिली, लेकिन शाम होते ही सर्द हवा के साथ गलन शुरू हो गई।

## पंजाब में आप विधायक गुरप्रीत गोगी की गोली लगने से मौत

**लुधियाना।**



एक बड़े घटनाक्रम में शुक्रवार देर रात लुधियाना पश्चिम से आम आदमी पार्टी के विधायक गुरप्रीत बस्सी गोगी की गोली लगने से मौत हो गई।


उन्हें गंभीर हालत में डीएमसी अस्पताल में दाखिल करवाया गया। देर रात तक डीएमसी की इमरजेंसी में डॉक्टरों की टीम उनके उपचार में जुटी रही पर लाख कोशिशों के बाद भी उन्हें बचाया नहीं जा सका। मिली जानकारी के अनुसार विधायक गोगी किसी समारोह में भाग लेकर घर लौटे थे और अपने कमरे में खाना खा रहे थे। इसी दौरान गोली चलने की आवाज आई। आनन-फानन में विधायक की पत्नी डॉ. सुखचैन कौर गोगी तत्काल कमरे में पहुंचीं तो गोगी लहूलुहान हालत में पड़े थे। उन्हें तत्काल कार द्वारा डीएमसी अस्पताल लाया गया। बताया जा रहा है कि उन्हें अपने ही लाइसेंसी पिस्टल से गोली लगी। गोली किन परिस्थितियों में लगी, यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। गोगी को अस्पताल लाने से पहले इसकी सूचना अस्पताल प्रबंधन को दी गई थी ताकि डॉक्टरों की टीम तैयार रहे। गोगी के पहुंचते ही डॉक्टरों की टीम उनके उपचार में जुट गई।

### आप विधायक गोगी की गोली लगने से संदिग्ध हालात में मौत

**लुधियाना।** गोली गोगी के सिर में लगी है, पर गोली कैसे चली और किसने चलाई, यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। आम आदमी पार्टी के लुधियाना पश्चिम से विधायक गुरप्रीत गोगी बस्सी की शुक्रवार देर रात घर में ही संदिग्ध हालात में गोली लगने से मौत हो गई। गोली गोगी के सिर में लगी है, पर गोली कैसे चली और किसने चलाई, यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। डीसीपी जसकरण सिंह तेजा ने बताया कि उन्हें (गुरप्रीत गोगी) अस्पताल में मृत लाया गया था। घटना रात करीब 12 बजे हुई। मौत का सही कारण जानने के लिए पोस्टमार्टम किया जाएगा। गोली चलने की आवाज सुनकर घर के लोग व सुरक्षा में तैनात मुलाजिम कमरे में पहुंचे, जहां वह लहूलुहान पड़े थे।

## बाइडन प्रशासन ने टीपीएस विस्तार किया

# वेनेजुएला-साल्वाडोर के 8 लाख लोग अमेरिका में 18 महीने और रह सकेंग



**मियामी।**

गृह सुरक्षा विभाग ने कहा कि यह निर्णय बाइडन प्रशासन की ओर से अस्थायी संरक्षित स्थिति (टीपीएस) के समर्थन में लिया गया है,

जिसे उन्होंने लगभग 1 मिलियन लोगों को कवर करने के लिए बढ़ाया है। ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल के दौरान टीपीएस के उपयोग को कम करने का प्रयास किया था। अमेरिका में रह रहे वेनेजुएला और साल्वाडोर के करीब 8 लाख लोगों के लिए राहत भरी खबर है। वेनेजुएला के करीब 6 लाख और साल्वाडोर के दो लाख से अधिक लोग अब अगले 18 महीनों तक कानूनी रूप से अमेरिका में रह सकते हैं। डोनाल्ड ट्रंप द्वारा सख्त आव्रजन नीतियों के वादों के साथ राष्ट्रपति पद ग्रहण करने से ठीक एक सप्ताह पहले इसकी घोषणा की गई है। इस बारे में शुक्रवार को गृह सुरक्षा विभाग ने जानकारी दी। गृह सुरक्षा विभाग ने कहा कि यह निर्णय बाइडन प्रशासन की ओर से अस्थायी संरक्षित स्थिति (टीपीएस) के समर्थन में लिया गया है, जिसे उन्होंने लगभग 1 मिलियन लोगों को कवर करने के लिए बढ़ाया है। ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल के दौरान टीपीएस के उपयोग को कम करने का प्रयास किया था।

## सीएम योगी आज करेंगे रामलला का अभिषेक

**अयोध्या।**

- वह पहली बार अंगद टीला से श्रद्धालुओं को संबोधित करेंगे।
- एटीएस की टीम भी सुरक्षा के लिए लगाई गई है।

प्रतिष्ठा द्वादशी पर सीएम योगी, रामलला का अभिषेक करके महाआरती उतारेंगे।

वह पहली बार अंगद टीला से श्रद्धालुओं को संबोधित करेंगे। रामनगरी अयोध्या में रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ को लेकर अयोध्या सज-धज कर तैयार है। तीन दिवसीय प्रतिष्ठा द्वादशी के उत्सव का उल्लास शनिवार से छलकने लगेगा। सीएम योगी आदित्यनाथ उत्सव का उद्घाटन करेंगे। मुख्यमंत्री सुबह 10 बजे अयोध्या पहुंच जाएंगे। पांच घंटे अयोध्या में रहेंगे। वे रामलला का अभिषेक कर महाआरती उतारेंगे। इसके बाद दोपहर दो बजे अंगद टीला पर पहली बार श्रद्धालुओं व मेहमानों को संबोधित करेंगे। पहले दिन से सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरूआत हो जाएगी। इसमें गीत-संगीत, कला व साहित्य जगत की तमाम नामी गिरामी हस्तियां अपनी प्रस्तुति देंगी। प्रतिष्ठा द्वादशी कार्यक्रम का दूरदर्शन पर लाइव प्रसारण किया जाएगा। वर्षगांठ को लेकर मंदिर परिसर को 50 क्विंटल से भी अधिक के फूलों से सजाया गया है। पूरे कार्यक्रम की सीसीटीवी से निगरानी की जाएगी। एटीएस की टीम भी सुरक्षा के लिए लगाई गई है। वीआईपी की मौजूदगी व भीड़भाड़ के मद्देनजर रूट डायवर्जन लागू रहेगा।



## संपादक की कलम से

### ऑनलाइन झूठ को बढ़ावा

संयुक्त राज्य अमेरिका में निरंकुश व दक्षिणपंथी रुझान के अगुवा डोनाल्ड ट्रंप की ताजपोशी से पहले की जा रही उग्र बयानबाजी से पूरी दुनिया में हलचल है। अब चाहे कनाडा को अमेरिका में मिलाने का उनका दावा हो या ग्रीनलैंड व पनामा नहर पर प्रभुत्व का बयान। लेकिन शेष दुनिया के लिये चिंता की बात यह है कि निष्पक्ष वैचारिक स्वतंत्रता के पक्षधर होने का दावा कर रहे अमेरिका संचालित बहुचर्चित सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म भी ट्रंप के निरंकुश व्यवहार से गहरे तक प्रभावित हो रहे हैं। लंबे समय तक ट्रंप से वैचारिक टकराव मोल लेने वाले अमेरिका से संचालित मेटा ने ट्रंप की ताजपोशी से ठीक पहले अपनी नीति में बड़ा बदलाव किया है। मेटा ने अपने उस तथ्य जांच कार्यक्रम से हाथ खींचने का फैसला किया है जो ऑनलाइन गलत सूचनाओं और दुष्प्रचार को नियंत्रित करने का एक महत्वपूर्ण साधन था। निश्चित रूप से सूचना की विश्वसनीयता के लिये निर्धारित व्यवस्था के खत्म होने से ऑनलाइन झूठ व दुष्प्रचार के खिलाफ वैश्विक अभियान को झटका लगेगा। निश्चित तौर पर यह नाटकीय बदलाव वर्ष 2016 में सोशल मीडिया दिग्गज द्वारा शुरू किए स्वतंत्र थर्ड पार्टी तथ्य जांच कार्यक्रम के अंत का प्रतीक है। यह महज संयोग नहीं हो सकता है कि यह निर्णय अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव जीतने वाले डोनाल्ड ट्रंप की ताजपोशी से ठीक पहले आया है। ट्रंप मेटा के मुखर आलोचक रहे हैं। ट्रंप आरोप लगाते रहे हैं कि सोशल मीडिया पर दक्षिणपंथी आवाज को सेंसर किया जाता रहा है। वहीं मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग का कहना है कि उनके इस निर्णय की मुख्य प्रेरणा मुक्त अभिव्यक्ति को प्रश्रय देना है। उनकी इस दलील से कतई सहमत नहीं हुआ जा सकता। दरअसल, अमेरिका में दक्षिणपंथी रुझानों वाला ऐसा वर्ग भी है जो सोशल मीडिया पर सूचना सामग्री में किसी भी हस्तक्षेप का विरोध करता है। जिसके चलते फर्जी खबरों के कारण विवादों की श्रृंखला को जन्म मिल सकता है। बहरहाल, आशंका जतायी जा रही है कि तथ्यों की जांच की व्यवस्था समाप्त करने से झूठ और अफवाहों का तंत्र कालांतर कानून व्यवस्था के लिये भी बड़ी चुनौती बन सकता है। जिससे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों की सूचनाओं की विश्वसनीयता पर भी सवाल उठेंगे। मेटा के इस कदम के बाद अन्य सोशल मीडिया प्लेट फॉर्म भी दबाव में ऐसे कदम उठा सकते हैं। वैसे राष्ट्रपति का पद संभालने जा रहे ट्रंप से खराब रिश्ते सुधारने हेतु मार्क जुकरबर्ग का कदम व्यावसायिक दृष्टि से तो समझ में आ सकता है, लेकिन सोशल मीडिया पर सूचनाओं की दृष्टि से यह एक गैरजिम्मेदार कदम है।



ललित शर्मा
संपादक

## ममता शर्मा



### कविता

बड़ी नूर सी लगती है वो,
आजकल चांद तारों में दिखती है वो।

पास नहीं है मेरे तो क्या हुआ,
सपनों में भी ख्याल मेरा रखती है वो।

दुनिया अलग हो गई उसकी और मेरी अब,
पर आज भी अपनी दुनिया से मुझे तकती है वो।

कोशिश कर ले लाख जमाना मुझे गिराने की,
पर हमेशा मुझे संभाले रखती है वो ।

मैं क्या ही कह पाऊं उसके बारे में यारों,
मेरी प्यारी मां है वो।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# इंडिया' गठबंधन की कब्र पर खड़ा होगा तीसरा मोर्चा, लेकिन चलेगा कितने दिन?

दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 के दौरान जो राजनीतिक बयानबाजियां होती दिखाई दे रही हैं, उससे साफ है कि जहां 'इंडिया गठबंधन' अपनी अंतिम सांसें गिन रहा है, वहीं 'एनडीए गठबंधन' पहले से ज्यादा मजबूत हुआ है। इसके अलावा, एक खास लक्षण यह भी दिखाई दे रहा है कि भारतीय राजनीति में कभी कद्दावर समझा जाने वाला कांग्रेस-भाजपा विरोधी तीसरा मोर्चा एक बार फिर से अपना नया आकार ग्रहण कर रहा है।



ऐसा इसलिए कि इंडिया गठबंधन में कांग्रेस जहां अलग--थलग पड़ चुकी है, वहीं दिल्ली-पंजाब जैसे राज्यों में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) के पक्ष में समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस, शिवसेना यूबीटी, एनसीपी शरद पवार जैसे क्षेत्रीय दल कांग्रेस विरोधी एकजुटता दिखा रहे हैं। इससे लोगों में यह संदेश जा रहा है कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में सियासी लड़ाई सत्तारूढ़ पार्टी 'आप' और प्रमुख विपक्षी पार्टी भाजपा के बीच ही होगी। जिसमें अभी तक आप का पलड़ा भारी है, क्योंकि वह सेक्यूलर और हिंदूवादी दोनों सियासी पिच पर ताबड़तोड़ बैटिंग कर रही है, जिससे चुनावी समां बंधती जा रही है।

वहीं, कांग्रेस पूरे दमखम से चुनाव लड़ रही है जिससे धर्मनिरपेक्ष और सामाजिक न्याय से जुड़े वोटों में बिखराव तय है। इससे आप को या तो भाजपा के हाथों सत्ता गंवानी पड़ सकती है, या फिर सूबे में सरकार बनाने को लेकर कांग्रेस के रहमोकरम पर निर्भर रहना पड़ सकता है। क्योंकि जब भी त्रिकोणीय मुकाबले की स्थिति आती है तो सत्ता का ऊंट किस करवट बैठेगा, कुछ कहा नहीं जा सकता। शायद यही वजह है कि सेक्यूलर सियासत करने के बावजूद आप हिंदूवादी मुद्दों को भी लपक रही है और हिंदुओं को फायदे पहुंचाने वाले फैसले कर रही है, ताकि जो हिन्दू भाजपा-कांग्रेस से नाराज हैं, वो आप की छतरी तले खुद को महफूज समझें। दरअसल, आप को आशंका है कि यदि राष्ट्रीय राजनीतिक ट्रेंड के मुताबिक मुसलमान कांग्रेस के पक्ष में चले जायेंगे और उसकी प्रतिक्रिया में हिन्दू भाजपा की ओर चले जायेंगे तो उसे भारी राजनीतिक नुकसान उठाना पड़ सकता है।

राजनीतिक विश्लेषक बताते हैं कि यदि क्षेत्रीय दल परस्पर एकजूट होकर तीसरा मोर्चा पुनः बना लेते हैं तो लोकसभा चुनाव 2029 की राजनीतिक लड़ाई भी त्रिकोणीय हो जाएगी। इससे जहां भाजपा फायदे में रहेगी, वहीं कांग्रेस को कुछ राज्यों में भारी चुनावी नुकसान भी झेलना पड़ सकता है। हालांकि, कांग्रेस नेतृत्व को पता है कि अखिल भारतीय स्तर पर उनकी पार्टी ही भाजपा का मुकाबला कर सकती है, इसलिए देर सबेर क्षेत्रीय दलों को कांग्रेस के राजनीतिक एजेंडे को मानना पड़ेगा या फिर भाजपा के खेमे में जाना होगा।

दरअसल, कांग्रेस के नेतृत्व इंडिया गठबंधन बनने के बाद संयोजक के सवाल पर क्षेत्रीय दलों में जो सिरफुटौव्वल मची, उससे इसके सूत्रधार रहे जदयू नेता और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को पुनः एनडीए की ओर लौटने के लिए विवश होना पड़ा। उसके बाद कांग्रेस और क्षेत्रीय दलों में सम्मानजनक सीट बंटवारे को लेकर जो चूहे-बिल्ली का खेल चला, यह बात भी कांग्रेस नेता राहुल गांधी को नागवार गुजरी। तभी आप पार्टी ने हद कर दी थी। एक तरफ तो वह दिल्ली में कांग्रेस के साथ तालमेल करके चुनाव लड़ रही थी, दूसरी तरफ पंजाब में दोस्ताना मुकाबले में कांग्रेस से बुरी तरह मात खाई और कांग्रेस से कम सीट ही जीत पाई।

**राजनीतिक विश्लेषक बताते हैं कि यदि क्षेत्रीय दल परस्पर एकजूट होकर तीसरा मोर्चा पुन: बना लेते हैं तो लोकसभा चुनाव 2029 की राजनीतिक लड़ाई भी त्रिकोणीय हो जाएगी। इससे जहां भाजपा फायदे में रहेगी, वहीं कांग्रेस को कुछ राज्यों में भारी चुनावी नुकसान भी झेलना पड़ सकता है।**

इसके अलावा, कांग्रेस के प्रभाव वाले प्रदेशों में समाजवादी पार्टी, आप पार्टी, टीएमसी, एनसीपी शरद, शिवसेना यूबीटी आदि क्षेत्रीय दलों ने जो ज्यादा से ज्यादा सीटें पाने की घुड़दौड़ शुरू की और कांग्रेस विरोधी बयानबाजियों का सहारा लिये, यह बात भी लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को नागवार गुजरी। खासकर जम्मूकश्मीर विधानसभा चुनाव, महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव, झारखंड विधानसभा चुनाव और हरियाणा विधानसभा चुनाव के दौरान जो क्षेत्रीय मुद्दे उठे, कांग्रेस के ऊपर बढ़त हासिल करने वाली कोशिशें हुईं, पारस्परिक टीका-टिपण्णी हुई और फिर ममता बनर्जी को आगे करके राहुल गांधी के नेतृत्व पर ही सवाल उठाए गए, उससे यह तय हो गया कि राहुल गांधी के असली राजनीतिक दुश्मन भाजपा नहीं, बल्कि उनके इंडिया गठबंधन में ही मौजूद हैं, इसलिए उन्होंने इंडिया गठबंधन के नेताओं को तवज्जो देना बंद कर दिया।

और तो और, दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया (कठ.ऊ.क.अ.) में दिख रही रार के बीच कांग्रेस नेता और पार्टी प्रवक्ता पवन खेड़ा ने गत गुरुवार को दो टूक कह दिया कि, 'लोकसभा चुनाव के लिए राष्ट्रीय स्तर पर इंडिया (क.ठ.ऊ.क.अ.) ब्लॉक का गठन किया गया था। कई राज्यों की स्थिति के आधार पर, चाहे वह कांग्रेस हो या क्षेत्रीय दल, वे स्वतंत्र रूप से फैसले लेते हैं कि एक साथ लड़ना है या अलग-अलग।' इससे बौखलाए जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि अगर गठबंधन केवल संसदीय चुनाव के लिए था तो इसे खत्म कर दिया जाना चाहिए।

दरअसल, उमर का पार्टी नैशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) भी विपक्षी गठबंधन इंडिया का हिस्सा है। इसलिए उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी (आप), कांग्रेस और दूसरे दल यह तय करेंगे कि बीजेपी से कैसे मुकाबला किया जाए। उन्होंने कहा, 'अगर गठबंधन विधानसभा चुनावों के लिए भी है तो हमें एक साथ बैठना होगा और सामूहिक रूप से काम करना होगा।' वहीं, उमर के बयान पर उनके पिता और ठउ अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि गठबंधन सिर्फ चुनाव लड़ने के बारे में नहीं है, बल्कि यह भारत को मजबूत करने और नफरत को खत्म करने के बारे में है। गठबंधन स्थायी है। यह हर दिन और हर पल के लिए है।

इससे साफ है कि इंडिया गठबंधन रहे या नहीं रहे, इसको लेकर भी विपक्षी दल असमंजस में हैं। या फिर दो फाड़ हो चुके हैं, अपने-अपने सुविधा के मुताबिक। हालांकि, भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन से मुकाबले के लिए कांग्रेस के नेतृत्व में बने यूपीए, बिहार-यूपी में महागठबंधन और महाराष्ट्र में महाविकास अघाड़ी के सियासी हश्र से तो साफ है कि इंडिया गठबंधन का भी देर सबेर वही हश्र होगा। होना भी चाहिए, क्योंकि जब हम 'इंडिया' कहते हैं तो देश के 'अभिजात्य वर्ग' का अहसास मिलता है। जबकि कांग्रेस ने हमेशा 'भारत' यानी गरीब-गुरुबों की राजनीति की है। लिहाजा, उसके लिए बेहतर यही होगा कि वह यूपीए को जिंदा करके, जिसके मार्फत एक दशक तक देश पर राज कर चुकी है। वहीं, इंडिया को तिरोहित कर दे, क्योंकि इसने ही उसकी लोकसभा चुनाव 2024 की संभावनाओं पर तुषारापात कर दिया।

ऐसा इसलिए कि भारतीय राजनीति में चाहे वामपंथी दल हों या समाजवादी दल या फिर दलितवादी दल, ये भरोसेमंद नहीं समझे जाते हैं। वहीं, ओबीसी की राजनीति करने वाले क्षेत्रीय दल भी अपनी सियासी प्रासंगिकता खोते जा रहे हैं। इनके नेतृत्व में बनने वाला तीसरा मोर्चा 1977, 1989, 1996 में केंद्रीय सत्ता में तो पहुंच गया, लेकिन 5 वर्ष भी अपनी सरकार नहीं चला पाया। क्योंकि इनके डीएनए में आपसी सिरफुटौव्वल है। तीनों बार इन्होंने महज 2-3 वर्षों के दौरान ही दो-दो प्रधानमंत्री दिए और मध्यावधि चुनाव का बोझ भी। इनके बारे में आम धारणा है कि कहीं का ईंट, कहीं का रोड़ा, भानुमति ने कुनबा जोड़ा। जब ये एनडीए या यूपीए में होते हैं तो वहां भी उलटबांसी करते रहते हैं।

हां, राज्यों में इन्होंने 1967, 1977, 1989 और 1996 के सियासी बदलावों का फायदा उठाकर खुद को मजबूत किया। बिहार, यूपी, झारखंड, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, तमिलनाडु, आंध्रप्रदेश, महाराष्ट्र, उड़ीसा, जम्मू-कश्मीर, दिल्ली, पंजाब आदि इसके सफल उदाहरण दिए जा सकते हैं।

यह बात अलग है कि भाजपा इनको निरंतर अप्रासंगिक किये जा रही है और एक के बाद दूसरा राज्य भी इनसे हड़पते जा रही है। कांग्रेस को भी चाहिए कि वह इन्हें ज्यादा तवज्जो न दे, खासकर चुनाव के पहले। क्योंकि कांग्रेस के वोटबैंक से ही ये खुद को मजबूत करते हैं और फिर उसी को आंख दिखाते हैं। इसलिए कांग्रेस को यदि लंबी राजनीति करनी है तो वह सूबाई और प्रमंडलीय नेतृत्व को मजबूती और स्थायित्व प्रदान करे। वह विद्वानों और अंग्रेजी भाषी नेताओं से सलाह ले, लेकिन खाँटी राजनीतिक फैसले हिंदी भाषी या क्षेत्रीय भाषा-भाषी और जनाधार वाले नेताओं कहने पर करे, अन्यथा सभ्य शहरी सियासी दलाल उसकी कीमत पर खुद को मजबूत कर लेंगे और उसकी सियासी उद्धार नहीं होने देंगे।

कड़वा सच है कि 1977 से ब्रेक के बाद मैं यही ट्रेंड देख रहा हूँ। इसलिए अब से भी वह सम्भल जाए। इसके अलावा, सेक्यूलर बनने से ज्यादा व्यवहारिक बने। क्योंकि जबतक वह अल्पमतों को प्रभावित करने वाली राजनीति करेगी, उसे बहुमत कहाँ से मिलेगा, वह खुद सोचे-समझे-फैसले करे। **-कमलेश पांडे**

# 18 वाँ प्रवासी भारतीय सम्मेलन 8-10 जनवरी 2025 का आगाज- पूरे विश्व में भारतीयता, संस्कृत सामाजिक मूल्यों की सुगंध बिखेरी



गोंदिया



**वेलकम इंडिया**

वैश्विक स्तरपर शिक्षा, संस्कृति, विरासत, सामाजिक विकास के क्षेत्रों में प्रवासी भारतीयों का योगदान सराहनीय रहा है। क्योंकि जिसके पीछे भारतीय शब्द लगा है चाहे वह मूल हो या प्रवासी उसकी प्रतिष्ठा दुनियाँ में वैसे ही बढ़ जाती है क्योंकि, यह ऐसे मानवीय जीव हैं जिनके बौद्धिक कौशलता से भारत का अभूतपूर्व नाता जुड़ा है जो पैतृक रूप से पीढ़ी दर पीढ़ी उनकी रग रग में समाता जाता है यही कारण है कि मूल भारतीय एवं प्रवासी भारतीयों की मांग दुनियाँ में प्राथमिकता से होती है। जिस तरह से 18 वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन में 70 देशों सेकरीब 3500 से अधिक रजिस्ट्रेशन हुए थे, उससे अंदाज लगाया जा सकता है कि कितने देशों में प्रवासी भारतीयों का बसेरा है। अनेक देशों में तो इतनी अधिक मात्रा में प्रवासी भारतीय हैं जो वहां की औसत जनसंख्या का प्रतिनिधित्व भी करते हैं। तथा वहां की दशा और दिशा को तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं। प्रवासी भारतीयों की अपनी सांस्कृतिक विरासत की अनुषण बनाए रखने के कारण भी साझा पहचान मिली है, जहां-जहां प्रवासी भारतीय बसे हैं वहां-वहां उन्होंने आर्थिक तंत्र को मजबूती प्रदान की है। उनकी सफलता का श्रेय उनकी परंपरागत सोच, सांस्कृतिक मूल्यों और शैक्षणिक योग्यता को दिया जाता है। चूंकि 18 वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन 8 से 10 जनवरी 2025 को उड़ीसा के भुवनेश्वर शहर में हो रहा है। इसलिए आज हम पीआईबी में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, प्रवासी भारतीय पूरे विश्व में भारतीयता, संस्कृत सामाजिक मूल्यों की सुगंध बिखेरी।

साथियों प्रवासी भारतीय दिवस (पीबीडी) सम्मेलन भारत सरकार का प्रमुख कार्यक्रम है, जो प्रवासी भारतीयों से जुड़ने और उन्हें एक-दूसरे के साथ वातार्लाप करने में सक्षम बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करता है। इस प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन का विषय विकसित भारत में प्रवासी भारतीयों का योगदान है। 70 से अधिक विभिन्न देशों से बड़ी संख्या में प्रवासी भारतीयों ने पीबीडी सम्मेलन में भाग लेने के लिए पंजीकरण कराया था। साथियों बात अगर हम प्रवासी भारतीय दिन में सम्मेलन के प्रभावों व महत्व की करें तो, पीबीडी भारत और भारतीय प्रवासियों के बीच संबंधों का जश्न मनाने और भारत के विकास में प्रवासियों के योगदान को मान्यता देने का दिन है। यह भारत के विकास में प्रवासी भारतीय समुदाय के योगदान को चिह्नित करता है। कनेक्टिविटी बढ़ाना पीबीडी प्रवासी भारतीय समुदाय को पारस्परिक रूप से लाभकारी गतिविधियों के लिए अपने पूर्वजों की भूमि कीसरकार और लोगों के साथ जुड़ने का एक मंच प्रदान करता है। अनुभव साझा करना-यह दुनिया के विभिन्न हिस्सों में रहने वाले प्रवासी भारतीय समुदाय के बीच कनेक्टिविटी बढ़ाने में भी बहुत उपयोगी हैं और उन्हें विभिन्न क्षेत्रों में अपने अनुभव साझा करने में सक्षम बनाता है। उपलब्धियों का सम्मानप्रवासी भारतीय सम्मान पुरस्कार उन व्यक्तियों को दिया जाता है जिन्होंने भारत के विकास में असाधारण योगदान दिया है। पीबीडी भारतीय प्रवासियों को प्रभावित करने वाले मुद्दों पर चर्चा करने के लिए एक मंच प्रदान करता है। सरकार के साथ जुड़ना-पीबीडी सरकार के लिए प्रवासियों के साथ जुड़ने और भारत की उपलब्धियों को प्रदर्शित करने का एक अवसर है। क्षेत्रीय कार्यक्रम क्षेत्रीय प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन उन प्रवासियों तक पहुँचने के लिए आयोजित किए जाते हैं जो मुख्य पीबीडी कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पाते हैं।

साथियों बात अगर हम दिनांक 9 जनवरी 2025 को माननीय पीएम द्वारा व 10 जनवरी 2025 को माननीय राष्ट्रपति द्वारा संबोधन की करें तो, पीएम ने संबोधित करते हुए कहा कि दुनियाँ में जब तलवार के जोर पर साम्राज्य बढ़ाने का दौर था, तब हमारे सम्राट अशोक ने यहां शांति का रास्ता चुना था, हमारी विरासत का ये वही बल है, जिसकी प्रेरणा से आज भारत, दुनियाँ को ये कह पाता है कि भविष्य युद्ध में नहीं है, बुद्ध में है। इस कार्यक्रम में 70 देशों के प्रतिनिधि शामिल हुए हैं, यह सम्मेलन 10 जनवरी तक चला है, जिसका समापन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू नें किया। पीएम ने गुरुवार को भारतीय प्रवासियों के लिए स्पेशल टूरिस्ट ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। दिल्ली के निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन से चली ट्रेन तीन सप्ताह तक कई टूरिस्ट प्लेस तक जाएग, उन्होंने हमेशा प्रवासी भारतीयों को भारत का राजदूत माना है। उन्होंने दुनिया भर में रहने वाले भारतीयों से मिलकर और उनसे वातार्लाप करके अपनी प्रसन्नता व्यक्त की। व कहा कहा कि उनसे मिलने वाला प्यार और आशीर्वाद अविस्मरणीय है और हमेशा उनके साथ रहेगा। भारतीय प्रवासियों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए तथा वैश्विक मंच पर उन्हें गर्व से सिर ऊंचा करने का अवसर प्रदान करने के लिए उन्हें धन्यवाद देते हुए, कहा कि पिछले दशक में उन्होंने अनेक वैश्विक प्रमुखों से भेंट की, जिनमें से सभी ने भारतीय प्रवासियों की उनकेसामाजिक मूल्यों तथा अपने-अपने समाजों में योगदान के लिए प्रशंसा की। भारत न केवल लोकतंत्र की जननी है, बल्कि लोकतंत्र भारतीय जीवन का अभिन्न अंग है। उन्होंने कहा कि भारतीय स्वाभाविक रूप से विविधता को अपनाते हैं और स्थानीय नियमों और परंपराओं का सम्मान करते हुए जिस समाज में शामिल होते हैं, उसमें सहज रूप से एकीकृत होते हैं।

भारतीय अपने मेजबान देशों की सत्यनिष्ठा से सेवा करते हैं, उनके विकास और समृद्धि में योगदान देते हैं, जबकि वे हमेशा भारत को अपने हृदय के करीब रखते हैं, भारत की हर प्रसन्नता और उपलब्धि का महोत्सव बेहद उत्साह के साथ मनाते हैं। भारत अब विश्व बंधु के रूप में पहचाना जाता है और प्रवासी भारतीयों से अपने प्रयासों को बढ़ाकर इस वैश्विक संबंधों को और अधिक प्रगाढ़ करने का आग्रह किया। उन्होंने अपने-अपने देशों में, विशेष रूप से स्थानीय निवासियों के लिए पुरस्कार समारोह आयोजित करने का सुझाव दिया, ये पुरस्कार साहित्य, कला और शिल्प, फिल्म तथा रंगमंच जैसे विभिन्न क्षेत्रों में प्रमुख व्यक्तियों को दिए जा सकते हैं। उन्होंने प्रवासीभारतीयों को भारतीय दूतावासों और वाणिज्य दूतावासों के सहयोग से उपलब्धि हासिल करने वालों को प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि इससे स्थानीय लोगों के साथ व्यक्तिगत संबंध और भावनात्मक जुड़ाव बढ़ेगा। स्थानीय भारतीय उत्पादों को वैश्विक बनाने में प्रवासी समुदाय की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देते हुए उनसे स्थानीय या ऑनलाइन मेड इन इंडिया खाद्य पैकेट, कपड़े और अन्य सामान खरीदने का आग्रह किया और इन उत्पादों को अपने रसोईघरों, ड्राइंग रूम और उपहारों में शामिल करने का आग्रह किया, यह एक विकसित भारत के निर्माण में एक महत्वपूर्ण योगदान होगा।

# डीएम की अध्यक्षता में फार्मर रजिस्ट्री अभियान की समीक्षा बैठक हुई आयोजित

**वेलकम इंडिया**



**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में फार्मर रजिस्ट्री अभियान की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई।

बैठक में उप निदेशक कृषि डा0 राकेश सिंह द्वारा बताया गया कि जनपद में निर्धारित लक्ष्य 210221 के सापेक्ष अभी 35510 किसानों का फार्मर रजिस्ट्री गोल्डन कार्ड बनाया गया है। जिसमें खलीलाबाद तहसील द्वारा कुल 23 प्रतिशत, मेहदावल तहसील द्वारा 14 प्रतिशत, घनघटा तहसील द्वारा 12ः एवं जनपद अंतर्गत कुल 16 प्रतिशत प्रगति हुई है। जनपद में कुल 1223 जन सुविधा केंद्र संचालित है, जिसमें से मात्र 718 जन सुविधा केंद्र द्वारा किसानों का गोल्डन कार्ड बनाया जा रहा है कुल 505 जन सुविधा केंद्र ऐसे हैं जिनके द्वारा यह कार्य नहीं किया जा रहा है, जिन्हें चिन्हित कर कार्य कराये जाने की आवश्यकता है। 31 जनवरी 2025 तक सभी किसानों का फार्म रजिस्ट्री तैयार करते हुए गोल्डन कार्ड बनाए जाने का लक्ष्य शासन द्वारा दिया गया है। जिन किसानों द्वारा फार्मर रजिस्ट्री नहीं कराई जाएगी, उन किसानों को अगली किसान सम्मान निधि की किस्त प्राप्त नहीं हो सकेगी जिसके लिए प्रचार प्रसार किया जा रहा है।

जिलाधिकारी द्वारा सभी उप जिलाधिकारी एवं खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि वह तहसील स्तर पर सभी जन सुविधा केंद्र संचालकों एवं कर्मचारियों के साथ समीक्षा कर ले। प्रत्येक जन सुविधा केंद्र पर एक कर्मचारी तैनात करें एवं अन्य क्षेत्रीय कर्मचारी यथा लेखपाल, किसान सहायक, पंचायत सहायक इत्यादि नजदीकी जन सुविधा केंद्र पर किसानों को भेजें। यह कार्य रात्रि में भी किया जा सकता है, जब आधार की वेबसाइट पर लोड कम रहता है। इसके अतिरिक्त सभी खंड विकास अधिकारी पंचायत भवन पर पंचायत सहायक एवं गांव के अन्य नौजवान व्यक्ति जो इंटरनेट चलाना जानते हैं उनका प्रशिक्षण कैंप आयोजित करा लें। वह भी फार्मर रजिस्ट्री की वेबसाइट पर दिन एवं रात्रि के समय अपना एवं अन्य ग्रामवासियों का फार्मर रजिस्ट्री सेल्फ मोड में करें। इसकी समीक्षा प्रत्येक सप्ताह की जाएगी एवं प्रतिदिन की प्रगति से जिलाधिकारी को अवगत कराया जाएगा। जिन कर्मचारियों के द्वारा कार्य नहीं किया जा रहा है एवं जिन जन सुविधा केंद्र के द्वारा अभी तक कार्य नहीं किया गया है और आगे भी कार्य नहीं किया जाएगा, उनका पंजीकरण निरस्त कर दिया जाएगा। जन सुविधा केंद्र पर पंजीकरण का शुल्क रू0 15 निश्चित है जिसे किसान को अदा कर अपनी फार्मर रजिस्ट्री करवानी है।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर शैलेश कुमार दूबे, उप जिलाधिकारी मेंहदावल उत्कर्ष श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी धनघटा अरूण कुमार, उप कृषि निदेशक डा0 राकेश कुमार सिंह, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी चन्द्रशेखर यादव, तहसीलदार सदर जनार्दन, समस्त खंड विकास अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी पंचायत, सहायक विकास अधिकारी कृषि, जिला प्रबंधक जन सुविधा केंद्र सहित राजस्व निरीक्षक आदि उपस्थित रहे।

## पुलिस ने एक शातिर जिलाबदर अभियुक्त गौरव को किया गिरफ्तार

**सहपऊ।** पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा के आदेशानुसार चलाये जा रहे संदिग्ध व्यक्ति-वाहन चेकिंग अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक हाथरस के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी सादाबाद के निकट पर्यवेक्षण में थाना सहपऊ पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर चेकिंग के दौरान कार्यवाही करते हुए जिला बदर होने के बाद भी अवैध रूप से जनपद की सीमा में घूम रहे रहे अभियुक्त गौरव को गिरफ्तार किया गया है। जिसके सम्बन्ध में थाना सहपऊ पुलिस द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्त गौरव थाना सहपऊ से जिला बदर अपराधी है, जिसके विरुद्ध थाना सहपऊ पर मारपीट, छेडछाड जैसी संगीन धाराओं मे कई अभियोग पंजीकृत है। प्रभारी निरीक्षक ललित कुमार ने बताया कि अभियुक्त गौरव पुत्र रवीश शर्मा निवासी ग्राम गुतहरा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली फिर पहुंचे प्रेमानंद महाराज की शरण में

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा/वृन्दावन।** भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली पत्नी अनुष्का शर्मा और अपने दोनों बच्चों के साथ प्रेमानंद महाराज के आश्रम पहुंचे हैं। ऑस्ट्रेलिया दौरे से वापस आने के बाद कोहली और अनुष्का वृंदावन में प्रेमानंद गोविंद शरण जी महाराज के आश्रम पहुंचे और उनका आशीर्वाद लिया। मालूम हो कि कोहली पिछले कुछ समय से खराब फॉर्म से गुजर रहे हैं और ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भी वह रन बनाने के लिए जूझ रहे थे।

कोहली और अनुष्का का प्रेमानंद महाराज के आश्रम पहुंचने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है और एक घंटे में ही लाखों लोग इस वीडियो को लाइक कर चुके हैं। प्रेमानंद महाराज के आधिकार इंस्टाग्राम हैंडल पर वीडियो पोस्ट किया गया है जिसमें कोहली और अनुष्का अपने दोनों बच्चे वामिका और अकाय के साथ प्रेमानंद महाराज के दर्शन करने पहुंचे हैं। इस दौरान अनुष्का प्रेमानंद महाराज से बात कर रही हैं।

कोहली और अनुष्का इससे पहले भी प्रेमानंद महाराज के आश्रम पहुंच चुके हैं और इस बार वे अपने बच्चों के साथ वृंदावन पहुंचे हैं। वीडियो में दिख रहा है कि कोहली और अनुष्का जैसे ही प्रेमानंद महाराज के सामने पहुंचे और सिर झुकाकर प्रणाम किया। कोहली जैसे ही प्रेमानंद महाराज के सामने पहुंचे तो उन्होंने इस भारतीय बल्लेबाज से पूछा, मन प्रसन्न है? इस पर कोहली ने सिर हिलाकर हां कहा और वह मुस्कुराते नजर आए।

अनुष्का ने इस दौरान प्रेमानंद महाराज से कहा कि जब वे पिछली बार यहां आई थीं तो उनसे कुछ सवाल करना चाहती थीं, लेकिन वहां मौजूद सभी ने कुछ ना कुछ वैसा ही सवाल कर लिया था जो वह पूछना चाहती थीं। अनुष्का ने प्रेमानंद महाराज से कहा, आप बस मुझे प्रेम भक्ति दे दो। इस पर प्रेमानंद महाराज ने कहा, द्यबहुत बहादुर हैं क्योंकि संसार का यह सम्मान प्राप्त होने पर भक्ति की तरफ मुढ़ पाना कठिन होता है। हमें लगता है कि विशेष प्रभाव इन पर (कोहली पर) भक्ति का पड़ेगा।

# पुलिस ने हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे 6 जुआरियों को किया गिरफ्तार



**वेलकम इंडिया**

**हाथरस।** प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार सिंह के नेतृत्व में सदर कोतवाली पुलिस ने गुरुवार को हार जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे छह लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से ताश पत्ते और रुपए बरामद किए हैं। पुलिस ने उनके खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा के आदेशानुसार जुआ-सट्टे की रोकथाम हेतु अभियान चलाया जा रहा है।

इसी अभियान के क्रम में थाना कोतवाली नगर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए 6 अभियुक्तों को हार जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते-समय गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से 1550 रुपए नगद व 52 पत्ता ताश बरामद हुए है। पकड़े गए अभियुक्त थाना हाथरस गेट क्षेत्र के गाँव नगला अलगर्जी के निवासी है। जिनके नाम नारायन सिंह पुत्र जगदीश प्रसाद, दौलतराम पुत्र गोपाल, सौरव पुत्र ब्रहमानन्द, राज पुत्र डालचन्द, मुकेश पुत्र प्रेमचन्द और नितिन कुमार पुत्र जयप्रकाश है।

# प्रशिक्षु उपनिरीक्षकों को आपराधिक गतिविधियों की निगरानी में सुधार हेतु ड्रोन कैमरा चलाने व उपयोगिता के सम्बन्ध में दिया गया प्रशिक्षण

**वेलकम इंडिया**



**हाथरस।** पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा के निर्देशन मे जनपद हाथरस में विधि व्यवस्था, सुरक्षा और संदेहास्पद स्थानों पर प्रभावी निगरानी रखने के लिए जनपद मे नियुक्त प्रशिक्षु उपनिरीक्षकों को ड्रोन कैमरा चलाने का प्रशिक्षण प्रदान किया गया, ताकि उन्हें आधुनिक तकनीकी संसाधनों का उपयोग करते हुए सुरक्षा व्यवस्था को और भी सुदृढ़ किया जा सके।

यह प्रशिक्षण कार्यक्रम पुलिस की कार्यप्रणाली में नवाचार और तकनीकी सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अपराधों और सार्वजनिक स्थलों पर संदिग्ध गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए ड्रोन कैमरा की मदद से संदेहास्पद स्थानों पर निगरानी रखना, अपराधों की रोकथाम करना और आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित कार्रवाई करने में मदद मिलेगी। इस तकनीकी समाधान से पुलिस को घटनास्थल पर तुरंत पहुंचने, उच्चतम दृष्टि से स्थिति का आंकलन करने और कार्रवाई की दिशा तय करने में सहूलियत होगी। इस प्रशिक्षण में प्रशिक्षु उपनिरीक्षकों को ड्रोन कैमरा उड़ाने और उसे सही तरीके से संचालित करने के लिए विस्तृत प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसमें तकनीकी पहलुओं के साथ-साथ ड्रोन कैमरा के संचालन की सुरक्षा, डेटा प्रबंधन, और उसकी बैटरी लाइफ जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर भी ध्यान दिया जा रहा है। प्रशिक्षु पुलिसकर्मियों को ड्रोन कैमरा के माध्यम से उच्च-रिजॉल्यूशन इमेजिंग, रात में निगरानी, और लाइव वीडियो फीडिंग जैसी सुविधाओं का उपयोग सिखाया जा रहा है।

### ड्रोन तकनीकी के लाभ :

ड्रोन का इस्तेमाल करके पुलिस किसी भी स्थान पर बिना वहां फिजीकली पहुंचे स्थिति का आकलन कर सकती है। ड्रोन से तत्काल वीडियो डेटा प्राप्त किया जा सकता है, जो पुलिस को तुरंत निर्णय लेने में मदद करता है। पारंपरिक तरीकों से निगरानी रखना कई बार समय ले सकता है, लेकिन ड्रोन कैमरे से यह कार्य त्वरित और सटीक तरीके से किया जा सकता है। ड्रोन कैमरे से खतरनाक इलाकों में पुलिस द्वारा निगरानी रखना आसान हो जाता है, जैसे कि भीड़–भाड़ वाले क्षेत्र, सांप्रदायिक तनाव वाले स्थान, या घातक अपराध क्षेत्र।

# मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना को लेकर के जिलाधिकारी के द्वारा की गई समीक्षा की बैठक



**हापुड़।** जनपद की जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आहुत की गई बैठक में उ0प्र0 मुख्यमंत्री बाल सेवा योजनान्तर्गत कुल 187 फाईलों का अनुमोदन प्रदान किया गया। शासन की अति महत्वपूर्ण योजना उ0प्र0 मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत जिसके माताझ्रपिता किसी एक की मृत्यु अथवा दोनों की मृत्यु 01 मार्च 2020 से अब तक किसी भी कारण से हुई हो, उक्त योजनान्तर्गत रूपया 2500/- प्रतिमाह बालक/बालिका की आयु 23 वर्ष पूर्ण होनें या स्नातक शिक्षा अथवा मान्यता प्राप्त तकनीकी संस्थान से डिप्लोमा प्राप्त करनें में जो भी पहले हो देनें का प्रावधान है, उक्त योजनान्तर्गत कार्यक्रम में अंकित वर्मा उपजिलाधिकारी हापुड़, लवी त्रिपाठी उपजिलाधिकारी धौलाना, इला प्रकाश (डिप्टी कलेक्टर) जिला कार्यक्रम अधिकारी, स्मिता सिंह जिला प्रोबेशन अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी धौलाना, समरपाल सहायक विकास अधिकारी हापुड़, अविनाश सहायक विकास अधिकारी गढ़मुक्तेश्वर/सिम्भावली, जिला प्रोबेशन कार्यालय से पंकज यादव कनिष्ठ सहायक, मनीष द्विवेदी संरक्षण अधिकारी, रविन्द्र कुमार विधि सह परिवीक्षा अधिकारी, हैदर अली, रिंकू सिंह आदि अधिकारीगण व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# धोखाधड़ी करने वाले गिरोह का एसपी ने किया खुलासा, चार गिरफ्तार



**हापुड़।** जनपद के थाना हापुड़ नगर पुलिस ने भोले-भाले लोगों को अपनी बातों में उलझाकर धोखाधड़ी से उनके एटीएम कार्ड बदलकर ठगी करने वाले अन्तर्जनपदीय गिरोह का पदार्फाश करते हुए 04 शातिर अभियुक्तों को किया गिरफ्तार।गिरफ्तार किए गए अभियुक्त के कब्जे से 32,000/- रुपये नकदी, 23 एटीएम कार्ड व घटना में प्रयुक्त वैगनआर कार बरामद गिरफ्तार अभियुक्तगण पूर्व से एटीएम बूथ के पास खड़े रहते थे, मौका पाकर एटीएम मशीन से पैसे निकाल रहे लोगों के एटीएम पिन देख लेते थे तथा उनको बातों में उलझाकर धोखे से उनके एटीएम कार्ड को बदलकर ठगी की घटना को अंजाम देते थे।हापुड़ के एसपी कुँवर ज्ञानेंजय सिंह ने बताया कि हापुड़ नगर सिटी पुलिस टीम ने बड़ी सफलता प्राप्त की है।वही नगर सिटी कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मुनेश प्रताप सिंह का कहना है कि लोगों के साथ धोखाधड़ी करने वाले लोगों को बख्शा नहीं जाएगा।

# अक्षय पात्र में है मां अन्नपूर्णा का वास : केशव प्रसाद मौर्य

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा/प्रयागराज।** प्रयागराज की पावन धरा में आयोजित होने वाले महाकुंभ 2025 में नागवासुकी मार्ग सेक्टर छह में शुक्रवार को उपमुख्यमंत्री उत्तरप्रदेश सरकार केशव प्रसाद मौर्य द्वारा अक्षय पात्र फाउंडेशन की रसोई का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि अक्षयपात्र में माँ अन्नपूर्णा का वास है।

कार्यक्रम का शुभारंभ उन्होंने श्री श्री राधा वृंदावन चंद्र के चित्रपट के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके पश्चात उन्होंने अक्षय पात्र फाउंडेशन के अध्यक्ष भरतर्षभा दास जी के माध्यम से अक्षय पात्र फाउंडेशन की रसोई की कार्यप्रणाली को समझा। उन्होंने अक्षय पात्र फाउंडेशन के अन्नक्षेत्र में संतों को प्रसाद वितरण करते हुए कहा कि मानव की मानव मात्र को भोजन उपलब्ध कराके उसकी भूख को मिटने से बड़ी अन्य कोई सेवा नहीं है।

इस अवसर पर मीडिया को जानकारी प्रदान करते हुए भरतर्षभा दास ने बताया कि इस महाकुंभ में अक्षयपात्र फाउंडेशन एवं हरे कृष्णा मूवमेंट (इस्कॉन बंगलौर) के द्वारा परेड ग्राउंड एवं नागवासुकी स्थित रसोई के माध्यम से प्रतिदिन लगभग 20हजार भक्त, श्रद्धालु, तीर्थ क्षेत्र में निवास कर रहे भगवत प्रेमियों के लिए प्रसाद की व्यवस्था संस्था द्वारा की जा रही है। उन्होंने बताया कि इस सेवा का शुभारंभ आज उप मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार केशव प्रसाद मौर्य जी की गरिमामय उपस्थिति में किया गया है। यह सेवा कुंभ के समापन तक प्रदान की जाती रहेगी।

इस अवसर पर चतुर्थ संप्रदाय प्रमुख श्रीमहंत फूलडोल बिहारी दास जी महाराज, चंद्रोदय मंदिर के उपाध्यक्ष श्री कैवल्यपति दास, अक्षय पात्र फाउंडेशन के ऑपरेशन हेड सुरेश्वर दास, कंजलोचन दास, आचार्यनिष्ठा दास जी, अचिंत्य गौरांग दास सहित अन्य प्रमुख संत उपस्थित रहे।

# दिव्यांगजन पर संवेदनशीलता सत्र का किया गया आयोजन



**वेलकम इंडिया**

**लखनऊ।** दिव्यांगजन पर संवेदनशीलता विषय पर एक सत्र भारतीय रेलवे परिवहन प्रबंधन संस्थान, लखनऊ में आयोजित किया गया। यह सत्र मृदु गोयल और राम के. गोयल द्वारा लिया गया, जो दिव्यांगजन के अधिकारों और समावेशन के क्षेत्र में अपने दशकों के अनुभव के लिए जाने जाते हैं।

कार्यक्रम की शुरूआत कफटर परिवीक्षाधीन अधिकारी अक्षिता निधि द्वारा परिचय के साथ हुई, जिन्होंने इस महत्वपूर्ण सत्र की पृष्ठभूमि प्रस्तुत की।



मृदु गोयल, जो हैंडिकेयर-भारतीय दिव्यांगजन व्यक्तियों का संघ की अध्यक्ष हैं, और राम के. गोयल ने के से जुड़ी समस्याओं और समावेशी वातावरण की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। मृदु गोयल, जिन्हें अपने उत्कृष्ट कार्य के लिए दो बार राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है, ने लखनऊ को भारत के सबसे सुलभ शहरों में से एक बनाने में अपनी भूमिका साझा की। उनके कार्यों में 100 से अधिक सरकारी भवनों का एक्सेसिबिलिटी ऑडिट, नीति सुधार और जागरूकता कार्यक्रम शामिल हैं।

इस सत्र में अपर महानिदेशक, संजय त्रिपाठी, डीन शिशिर सोमवंशी, वरिष्ठ प्रोफेसर स्वदेश कुमार सिंह, वरिष्ठ प्रोफेसर काजी मैराज अहमद और प्रगति कुमार सहित 2022 और 2023 बैच के कफटर परिवीक्षाधीन अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन हिन्दी भवन के निराला सभागार में किया

**वेलकम इंडिया**




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान द्वारा विश्व हिन्दी दिवस समारोह के शुभ अवसर पर दिन शुक्रवार 10 जनवरी, 2025 को एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन हिन्दी भवन के निराला सभागार लखनऊ में किया गया।दीप प्रज्वलन, माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण, पुष्पार्पण के उपरान्त वाणी चंदना डॉ० कामिनी त्रिपाठी द्वारा प्रस्तुत की गयी।

सम्माननीय अतिथि डॉ० सूर्य प्रसाद दीक्षित, डॉ० सुधाकर अदीब, डॉ० कैलाश देवी सिंह, डॉ० सूर्यकान्त का स्वागत स्मृति चिह्न भेंट कर राज बहादुर, निदेशक, उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान द्वारा किया गया।

डॉ० सूर्य प्रसाद दीक्षित ने कहा- हिन्दी के सर्वांगीण विकास की आवश्यकता है। हिन्दी भाषा को विश्व के विभिन्न देशों में प्रचार-प्रसार में गिरमिटिया मजदूरों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। मॉरीशस, सूरीनाम में गिरमिटिया मजदूरों ने हिन्दी भाषा को सम्पन्न और समृद्ध किया। प्रवासी भारतीयों ने हिन्दी भाषा व संस्कृति को बढ़ाने में अपना बहुत योगदान दिया है। वैश्विक चेतना के कारण भी हिन्दी भाषा का प्रचार-प्रसार हो रहा है। अप्रवासी भारतीयों ने विदेशों में हिन्दी भाषा, संस्कृति व साहित्य को काफी बढ़ावा दिया है। विदेशी लेखकों व भाषा विद्वानों ने अनुवाद, कोशकारिता, पत्रकारिता, व्याकरण द्वारा भी हिन्दी को समृद्ध किया। विश्व स्तर पर आज हिन्दी की अनिवार्यता बढ़ती जा रही है। हिन्दी की महत्ता व्यापार के बढ़ने से भी काफी प्रचलित हो रही है।

डॉ० सुधाकर अदीब ने कहा- कबीर, सूर, तुलसी, बिहारी, मीरा, मतिराम, भारतेन्दु हरिश्चन्द्र, दिनकर जैसे ऋषि तुल्य कवियों, कवयित्रियों ने भक्ति साहित्य को सुशोभित किया। आज हिन्दी भाषा निरन्तर समृद्ध होती जा रही है। विश्व स्तर पर हिन्दी की स्वीकार्यता बढ़ती जा रही है। विश्व में बौद्धिक सम्पदा के रूप में हमारे तकनीकी, शिक्षा, प्रबन्धन, कम्प्यूटर के विशेषज्ञ हिन्दी का प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। विदेशी लेखकों ने भी अनुवाद के माध्यम से हिन्दी को बढ़ावा दिया है। भारत में प्रदेशों की साहित्यिक अकादमियों व संस्थाओं द्वारा भी हिन्दी भाषा को बढ़ाने व प्रचार प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी जा रही है। हिन्दी भाषा का भविष्य गरिमामयी है।

डॉ० कैलाश देवी सिंह ने कहा- हिन्दी के प्रचार-प्रसार के लिए विश्व हिन्दी सम्मेलनों को प्रारम्भ किया गया। विश्व भाषा के रूप में उसी भाषा को मान्यता मिल सकती है, जिसमें मानव चेतना के तत्व विद्यमान हो। विश्व में हिन्दी का स्थान तीसरा है। विश्व के अनेक देशों के विश्वविद्यालयों में हिन्दी भाषा पढ़ाई जा रही है। विश्व में हिन्दी भाषा के प्रचार-प्रसार में प्रवासी लेखकों, साहित्यकारों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। 19 वीं व 20 वीं शताब्दी में विदेशों में हिन्दी भाषा के क्षेत्र में अनुवाद व व्याकरण के माध्यम से प्रचार-प्रसार हुआ।

डॉ० सूर्यकान्त ने कहा- जीवन्त भाषा वह है, जो हर क्षेत्र में अपना विस्तार करती चले। निदेशक महोदय ने कहा- विश्व हिन्दी दिवस के अवसर पर राज बहादुर, निदेशक उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान ने संस्थान द्वारा संचालित की जाने वाली विभिन्न योजनाओं व साहित्यकारों को प्रदान किये जाने वाले सम्मानों व पुरस्कारों के बारे में विस्तार से बताया। आज उ०प्र० हिन्दी संस्थान निरन्तर हिन्दी भाषा के प्रचार-प्रसार के प्रति समर्पित है।

डॉ० अमिता दुबे, प्रधान सम्पादक, उ०प्र० हिन्दी संस्थान द्वारा कार्यक्रम का संचालन एवं संगोष्ठी में उपस्थित समस्त साहित्यकारों, विद्वत्तजनों एवं मीडिया कर्मियों का आभार व्यक्त किया गया।निदेशक महोदय ने कहा- विश्व हिन्दी दिवस के अवसर पर राज बहादुर, निदेशक उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान ने संस्थान द्वारा संचालित की जाने वाली विभिन्न योजनाओं व साहित्यकारों को प्रदान किये जाने वाले सम्मानों व पुरस्कारों के बारे में विस्तार से बताया। आज उ०प्र० हिन्दी संस्थान निरन्तर हिन्दी भाषा के प्रचार-प्रसार के प्रति समर्पित है।

डॉ० अमिता दुबे, प्रधान सम्पादक, उ०प्र० हिन्दी संस्थान द्वारा कार्यक्रम का संचालन एवं संगोष्ठी में उपस्थित समस्त साहित्यकारों, विद्वत्तजनों एवं मीडिया कर्मियों का आभार व्यक्त किया गया।

# भाकियू संयुक्त मोर्चा की महापंचायत की

**वेलकम इंडिया**



**नूरपुर।** भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा की एक महापंचायत नूरपुर ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम सेला में हुई

महापंचायत में राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी ने कहा कि किसानों को गन्ना डालते डालते महीनों से आज तक गन्ने का भाव घोषित नहीं किया गया है नरेश चौधरी ने बताया कि एक दशक पहले हमारे देश के प्रधानमंत्री ने स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट लागू करने की बात कही थी लेकिन आज तक रिपोर्ट लागू नहीं की गई। इसके अलावा दिल्ली धरने के दौरान फिर भारत सरकार ने एमएसपी गारंटी कानून बनाने की बात कही थी। लेकिन आज तक गारंटी कानून बनाने पर चर्चा भी नहीं की गई।

नरेश चौधरी ने कहा कि देश का किसान भोला है सरकार इसे कमजोर समझने की गलती ना करें किसान अपने देश और देश के हर नागरिक से प्यार करता है इसलिए खेती-बारी करके देश का पेट भरने का काम करता है लेकिन सरकार किसान को पराया समझकर किसान के साथ गलत व्यवहार कर रही हैं। जिसको अब किसान बर्दाश्त नहीं करेगा। किसान जान चुका है कि देश की सरकार किसानों को उनकी फसलों के सही भाव देने वाली नहीं है इसलिए देश का किसान ये जानता है कि अगर हक मांगने से नहीं मिले तो छीन लेना चाहिए। अब किसान को मांगते मांगते बहुत दिन हो चुके हैं किसान के सब्र का बांध टूटने वाला है राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि अब देश का किसान रोड पर उतरकर अपने हक को छीनने की तैयारी मे लगना है क्योंकि किसान के सामने बेरोजगारी महंगाई और भ्रष्टाचार इन सब के चलते किसान भुखमरी की कगार पर पहुंच चुका है किसान के सामने अब करो या मरो की स्थिति पैदा हो गई है। इसलिए सरकार समय रहते किसाने की मांगों को पूरा करें।

जिला अध्यक्ष प्रिंस चौधरी ने बताया कि छोट्टा पशु गोवंश और गुलदारो की समस्या से किसान बहुत परेशान है इस अवसर पर नौशाद मंसूरी को जिला सचिव अल्पसंख्यक बिजनौर बनाया गया।

इस मौके पर अरुण सिद्धू, मयंक धारीवाल, नरेंद्र चौहान, राहुल सिद्धू, अमित सिद्धू, इमरान मंसूरी, राशिद अब्बास, रवि रावत, दीपक चौहान, मोहित चौहान, नसीम चौधरी अंकित चौधरी, राजकुमार चौहान आदि किसान मौजूद रहे।

## दुष्कर्म करने के आरोपी को 20 वर्ष का कठोर कारावास व अर्थदण्ड की मिली सजा

**बुलंदशहर।** राजकुमार पुत्र बने सिंह निवासी ग्राम ख्वाजपुर थाना औरंगाबाद जनपद बुलन्दशहर द्वारा वर्ष-2022 में थाना जांहगीरपुर क्षेत्र निवासी एक नाबालिग लडकी को भगा लेजाना तथा उसके साथ दुष्कर्म करने की दुस्साहसिक घटना कारित की गयी थी जिसके सम्बन्ध में दिनांक 09.05.2022 को थाना जहांगीरपुर पर मुअसं- 34/22 धारा 363,366,376(3) भादवि व 3 पोक्सो एक्ट पंजीकृत किया गया तथा पुलिस द्वारा दिनांक 24.05.2022 को मा0 न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया गया। इस अभियोग को श्रीमान पुलिस महानिदेशक महोदय, उ0प्र0 द्वारा चलाये जा रहे अभियान ₹ऑपरेशन कन्विक्शन₹ के अन्तर्गत चिन्हित करते हुए मॉनीटरिंग सैल बुलन्दशहर द्वारा मा0 न्यायालय में सशक्त, प्रभावी पैरवी कर अभियोजन की कार्यवाही सम्पन्न करायी गई जिसमें 06 गवाह परिक्षित हुए जिसके परिणामस्वरुप आज दिनांक 10.01.2025 को न्यायाधीश श्री वरुण कुमार सिंह (मा0 न्यायालय स्पेशल पोक्सो एक्ट जनपद बुलन्दशहर) द्वारा दोष सिद्ध पाये जाने पर अभियुक्त राजकुमार को 20 वर्ष का कठोर कारावास व 32,000/- रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

# बाजारों में छाई सहालग की रौनक, 16 जनवरी से गूंजेगी शहनाई, शुरू हुईं तैयारियां

**वेलकम इंडिया**



**अयोध्या।** नववर्ष में 16 जनवरी से शहनाइयां बजनी शुरू हो जाएंगी। विद्वान आचायों के मुताबिक इस बार पूरे साल विवाह के लिए 69 शुभ मुहूर्त हैं। सहालग को देखते हुए कपड़ा, सराफा, बर्तन आदि व्यापारियों ने तैयारी शुरू कर दी है। बाजार भी सजना शुरू हो गए हैं। मैरिज हॉल में साफ सफाई और सजावट का काम शुरू हो चुका है। सराफा व्यापारी भी बेहतर व्यवसाय को लेकर उत्साहित है।

14 मार्च से एक माह तक खरमास लगने की वजह से वैवाहिक आयोजनों पर ब्रेक लग जाएगा। बताते हैं कि इस माह 28 जनवरी तक सहालग के लिए 10 शुभ मुहूर्त मिलेंगे। बाजारों में दिखने लगी सहालग की रौनक एक सप्ताह में सहालग का दौर शुरू हो जाएगा। आयोजकों के साथ ही कारोबारी भी तैयारी में जुट गए हैं। जिन घरों में शादी होने वाली है, उनके परिवारीजन खरीदारी में जुटे हुए हैं। मैरिज लॉन संचालक साफ-सफाई कर रंग-रोगन कराने की तैयारी में लगे हैं। बाजारों में सहालग को लेकर रौनक दिखाई देने लगी है। शादी-विवाह के कारोबार से जुड़े व्यापारी उत्सहित हैं।

मैरिज लॉन संचालको ने कहा कि जनवरी माह में होने वाली शादियों की बुकिंग उनके यहां हो चुकी है। आगे की भी बुकिंग प्रक्रिया चल रही है। सराफा व्यापारियों ने बताया कि कई लोगों ने शादी के जिए जेवर की एडवांस बुकिंग की है। खरमास समाप्त होते ही सभी लोग अपने जेवर ले जाएंगे।

## भाजपा संविधान गौरव अभियान कार्यशाला का किया आयोजन



**नूरपुर।** शुभम बैंकट हॉल में भारतीय जनता पार्टी नूरपुर मण्डल के अन्तर्गत संविधान गौरव अभियान की कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता नूरपुर नगर अध्यक्ष निशांत कर्णवाल एवं संचालन वीर प्रकाश सिंह भुइयार ने किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष डॉ एम पी सिंह ने भारत के संविधान पर विस्तारपूर्वक अपनी बात कार्यकताओं के बीच रखी। उन्होंने कहा कि संविधान के मान सम्मान के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और पूरी भाजपा कटिबद्ध है। आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने बाबा साहब से जुड़े स्थलों को पंच तीर्थ स्थलों में विकसित किया। बाबा साहब को भारत रत्न भाजपा सरकार ने ही दिया था। इसे लेकर 11 से 25 जनवरी तक भाजपा पूरे जिले में हमारा संविधान हमारा गौरव कार्यक्रम के तहत 'संविधान गौरव अभियान' चलायेगी एवं संविधान गौरव दिवस को यादगार बनायेगी। कार्यशाला में डीसीएस चैयरमैन पुष्पेंद्र शेखावत, जिला प्रतिनिधि भाजपा जुगनू चौधरी, चौधरी ईसम पाल सिंह, चौधरी ठकरी सिंह, राजेश चौहान, सरदार गुरनाम सिंह, सुधीर चौहान, जिला मीडिया प्रभारी महिला मोर्चा डॉ शीला राणा, सरौता सिसोदिया, डॉ विजयपाल सिंह, सचिन राणा, प्रेमोहन सहित अन्य कार्यकर्त्ता मौजूद रहें।

## प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ के दौरान
# लाखों श्रद्धालु श्री राम के दर्शन करने के लिए भी पहुंचेंगे अयोध्या

**वेलकम इंडिया**



**अयोध्या।** प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ के दौरान लाखों श्रद्धालु भगवान श्री राम के दर्शन के लिए अयोध्या भी पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर अयोध्या प्रशासन ने यहां आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पुख्ता इंतजाम किए हैं।

इस व्यवस्था के तहत अयोध्या में 10 हजार से अधिक श्रद्धालुओं के ठहरने की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही 1100 सीटों वाले स्थायी एवं अस्थायी शौचालयों का निर्माण किया गया है। वहीं, रामनगरी में 24 घंटे सफाई के लिए दो हजार सफाई कर्मचारियों को तैनात किया गया है।

अधिकारियों के अनुसार श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विभिन्न स्थानों पर पेयजल, शौचालय और प्रकाश की व्यवस्था की गई है। इन सभी स्थानों पर साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने की जिम्मेदारी नगर निगम को सौंपी गई है। ये सभी व्यवस्थाएं 12 जनवरी से शुरू होकर 28 फरवरी तक जारी रहेंगी।

अधिकारियों के अनुसार श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रांतीय मेले के लिए मास्टर प्लान भी तैयार किया गया है।

अयोध्या के प्रमुख मठ-मंदिरों में श्रद्धालुओं के ठहरने की व्यवस्था करने के लिए संबंधित महंतों और प्रबंधन से अनुरोध किया गया है।

## सड़क पर पड़ा मिला युवक का गोली लगा शव

**बुलंदशहर।** कोतवाली देहात की नई मंडी क्षेत्र के गांव सराय छबीला में मुख्य मार्ग पर एक युवक का संदिग्ध परिस्थितियों में शव बरामद हुआ है। मृतक के सिर में घाव होने के चलते गोली मारे जाने की आशंका जताई जा रही है। शव के समीप ही एक तमंचा और सब्जी का बैग पड़ा मिला है। पीड़ित परिजनों ने मृतक की पत्नी और तीन अन्य लोगों पर हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। कोतवाली देहात क्षेत्र के गांव सराय छबीला निवासी पवन कुमार (35वर्ष) मेहनत-मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करता था। बताया जाता है कि मृतक का काफी वक्त से अपनी पत्नी से विवाद चल रहा था। करीब दो माह पहले उनके मध्य तलाक होने की भी बात कही जा रही है। बुधवार शाम को पवन कुमार अपने घर से कहीं जाने की बात कहकर निकाला था। इसके बाद काफी देर तक वापस नहीं आया। रात करीब नौ बजे परिजनों को सूचना मिली कि पवन का शव गांव के मुख्य मार्ग पर लहूलुहान हालत में पड़ा हुआ है। इसकी सूचना मिलने पर पीड़ित परिजन रोते-बिलखते हुए मौके पर पहुंच गए।

## कोहरा के कारण नहर में गिरने से बची रोडवेज बस, बस हुई छतिग्रस्त



**वेलकम इंडिया**

**बुलंदशहर।** नरोरा थाना क्षेत्र के चौधरी चरण सिंह गंगा बेराज पर करीब रात्रि 12 बजे रोडवेज बस गंगा मे गिरने से बच गयी। बताया जा रहा है कि कोहरा अधिक होने के कारण रास्ता सही ढंग से दिखाई नहीं दिया जिसकी वजह से रोडवेज बस को मोड़ने पर गंगा मे गिरने से बच गयी। अगर आप भी अधिक कोहरे में कर रहे हैं यात्रा तो हो जाएं सावधान, घने कोहरा होने की वजह से हादसा होने की आशंका बनी रहती है।

सूत्रों कि माने तो बरेली से दिल्ली जा रही थी रोडवेज बस। हादसे के वक़्त रोडवेज बस मे करीब 20,25 यात्री बताए जा रहे है सवार। घटना की सूचना पाकर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और यात्रियों को रोडवेज बस से बाहर निकाला गया। बारहाल हादसे में किसी भी यात्री के जान माल का नुकसान नहीं हुआ है, रोडवेज बस जरूर क्षतिग्रस्त हुई है। स्थानीय पुलिस की मदद से सभी यात्रियों को क्षतिग्रस्त बस से बाहर निकाल लिया गया। और बस को क्रेन की मदद से भी बाहर निकल गया।

## मंडल अध्यक्ष का हुआ स्वागत, दी गई बधाई



**मिजार्मुराद।** नव नयुक्त भाजपा मंडल अध्यक्ष राजातालाब सुजीत कुमार पाल 'गोलू', का शुक्रवार की शाम स्व.वंशनारायण सिंह महिला महाविद्यालय में वरिष्ठ भाजपा नेता एवं प्रबंधक संजीव सिंह गौतम द्वारा अंगवस्त्र देकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत करते हुए बधाई दिया गया। वही मंडल अध्यक्ष का स्वागत आषाढ़ गांव में पूर्व मंडल अध्यक्ष निहाला मिश्रा द्वारा भी मिठाई खिलाकर एवं माल्यार्पण कर के किया गया। इस दौरान पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रेम शंकर पाठक, बाला मिश्रा, संजय मिश्रा, कैलाश पटेल, योगेश सिंह, अनिल पांडेय, अभिषेक त्रिपाठी 'सुमित', मनीष पाठक, श्याम नारायण प्रजापति, रामजी, गोलू समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## महाकुम्भ में सुरक्षा दृष्टिकोण से सीओ कुडा ने गंगा मे की पेट्रोलिंग



**विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया**

**प्रतापगढ़।** प्रयागराज के महाकुम्भ मेले में श्रद्धालुओं की सुरक्षा को देखते हुए पुलिस सड़क मार्ग के साथ ही जल मार्ग पर भी नजर रखे हैं। एसपी डॉ. अनिल कुमार के निर्देश पर गुरुवार को सीओ अजीत कुमार सिंह टीम लेकर मानिकपुर के करेंटी गंगा घाट से नाव से पेट्रोलिंग शुरू की।

हथिगवां थाना क्षेत्र और जनपद की सीमा धीमी गंगा पुल तक करीब तीन घंटे तक पेट्रोलिंग की। जिससे जलमार्ग से आने वाले अपराधियों और अपराधिक गतिविधियों पर नजर रखी जा सके। सीओ अजीत सिंह ने बताया कि महाकुम्भ मेले को देखते हुए सुरक्षा को लेकर गंगा में पेट्रोलिंग की गई है।

# दिनदहाड़े बरेली कचहरी पर अधिवक्ता पर हुई फायरिंग

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**



**बरेली।** बरेली की कचहरी पर दिनदहाड़े एक वरिष्ठ अधिवक्ता पर बाइक सवार पांच बदमाशों ने फायरिंग कर दी, जिससे वह बाल-बाल बच गए। सूचना पर पहुंचे अन्य अधिवक्ताओं ने चार आरोपियों को दबोच लिया और उनकी जमकर पिटाई कर दी। मामले की जानकारी होने पर एसपी सिटी और सीओ सिटी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए, और चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

वहीं एक आरोपी मौके से फरार होने में सफल रहा। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। आपको बता दें कि सुभाषनगर निवासी वरिष्ठ अधिवक्ता राजाराम सोलंकी बरेली कचहरी पर बैठते हैं। शुक्रवार को वह अपने चैम्बर पर बैठे हुए थे। तभी शाम करीब 4 बजे कुछ बाइक सवार बदमाशों ने उनपर तमंचे से फायरिंग कर दी। गनिमत यह रही कि अधिवक्ता को गोली नहीं लगी। गोली की आवाज सुनकर अन्य वकील उनके चैंबर की ओर दौड़ पड़े। वकीलों ने चार आरोपियों को मौके से पकड़कर उनकी जमकर पिटाई कर दी, लेकिन एक आरोपी फरार होने में सफल रहा। सूचना पर पहुंची पुलिस फोर्स के साथ एसपी सिटी मानुष पारीक और सीओ पंकज श्रीवास्तव ने आरोपियों को हिरासत में ले लिया है, और उन्हे कोतवाली ले जाकर पूछताछ की जा रही है।

दरअसल शुक्रवार को अधिवक्ता राजाराम से मिलने कुछ लोग आए थे। अधिवक्ता के बेटे से आरोपियों की पुरानी रंजिश चल रही है। इसी को लेकर अधिवक्ता की आरोपियों से कहासुनी हुई थी, इसी दौरान एक शख्स ने अधिवक्ता पर फायरिंग कर दी। यह भी बताया जा रहा है कि यह लोग वकील के क्लाइंट थे। इस घटना से एक बार फिर कचहरी की सुरक्षा पर सवाल खड़े हो गए हैं। घटना के बाद वकीलों में आक्रोश व्याप्त हैं। वकीलों ने आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। कचहरी पर दिनदहाड़े गोली चलने से हड़कंप मच गया।

अधिवक्ता राजाराम और अन्य वकीलों के पास तारीख लेने आए लोग गोली की आवाज सुनकर इधर उधर भाग खड़े हुए। घटना की गंभीरता को देखते हुए आलाधिकारियों ने घटना स्थल का मुआयना किया और आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच शुरू कर दी है।

## सड़क सुरक्षा को लेकर छात्र-छात्राओं ने रैली निकालकर किया जागरूक



**मिजार्मुराद।** सेवापुरी ब्लॉक के करधना गांव स्थित राजकीय हाईस्कूल में शुक्रवार की दोपहर छात्र-छात्राओं ने सड़क सुरक्षा को लेकर रैली निकालकर सड़क सुरक्षा एवं यातायात के नियमों की जानकारी दी गई एवं बच्चों ने सड़क सुरक्षा का शपथ लिया। वही रोड सेफ्टी क्लब द्वारा जागरूक करते हुए बताया गया कि 18 वर्ष से कम आयु के विद्यार्थियों को वाहन न चलाने दे, दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट अनिवार्य रूप से पहना चाहिए, ओवरटेकिंग न करे, स्पीड से गाड़ी न चलाए एवं वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करे समेत अन्य चीजों की जानकारी दिये। इस दौरान प्रधानाचार्या मनोज कुमार, शिक्षका अंचला परमार, शिव प्रताप तिवारी, मधुपर्णा मुखर्जी, विपिन कुमार समेत दर्जनों छात्र-छात्राएं रैली में शामिल रही।

# हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया जाएगा गणतंत्र दिवस

- अपर जिलाधिकारी एनएस नबियाल की अध्यक्षता में हुई तैयारी बैठक

**वेलकम इंडिया**



**बागेश्वर।** 26 जनवरी गणतंत्र दिवस समारोह जनपद में हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया जाएगा, तैयारियों को लेकर अपर जिलाधिकारी एनएस नबियाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित हुई। बैठक में गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तय कर विभिन्न विभागों को जिम्मेदारियां सौंपी गई।

बैठक में तय किया गया कि गणतंत्र दिवस पर प्रातः 6.30 बजे से प्रभात फेरी निकाली जायेगी, जिसमें स्कूली बच्चे, अधिकारी व गणमान्य नागरिक भी भाग लेंगे। प्रभात फेरी चौक बाजार से बस स्टेशन होते हुए गॉधी चौक पर गॉधी जी की मूर्ति में माल्यार्पण कर वापस दुगबाजार होते हुए नुमाईशखेत में गॉधी जी की मूर्ति में माल्यार्पण कर समाप्त होगी। बैठक में 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया। सुबह 7.30 बजे भागीरथी बाइपास से आरे तक आरे से डिग्री कालेज गेट तक खेल विभाग के तत्वाधान में क्रास कंट्री रेस का आयोजन किया जायेगा।

इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग विभाग को एक एंबुलेंस तथा स्वास्थ्य टीम की व्यवस्था के निर्देश दिए गए। जलसंस्थान को पेयजल हेतु टैंकर की व्यवस्था के साथ ही पुलिस विभाग को क्रास कंट्री के निर्धारित रूट पर यातायात व्यवस्था के निर्देश दिए। सुबह 9.30 बजे सभी सरकारी, अर्द्धसरकारी तथा शिक्षण संस्थानों में ध्वजारोहण किया जायेगा तथा राष्ट्रगान एवं देशभक्ति पर आधारित गीत गाये जायेंगे और संकल्प पढा जायेगा। सभी सरकारी भवनों में गणतंत्र दिवस के अवसर पर 25 एवं 26 जनवरी के सांय 6 बजे से रात्रि 11 बजे तक कम बोल्टेज के बल्बों का प्रयोग करते हुए कार्यालय भवनों को प्रकाशमान किए जाएंगे।

## आरक्षी फौजदार सिंह को एसएसपी श्लोक कुमार नें प्रदत्त गोल्ड मेडल पहनाकर किया सम्मानित

**वेलकम इंडिया**



**बुलंदशहर।** 33वीं उत्तर प्रदेश मास्टर एथलेटिक्स चेम्पियनशिप 2024-25 में का आयोजन उदय प्रताप इंटर कॉलेज वाराणसी में दिनांक 04.01.2025 से 05.01.2025 तक हुआ था। जनपद बुलन्दशहर से आरक्षी फौजदार सिंह द्वारा पोल वाल्ट में प्रतिभाग किया गया तथा बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल जीतकर जनपदीय पुलिस को गौरवान्वित किया है। आज दिनांक 10.01.25 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बुलंदशहर श्री श्लोक कुमार द्वारा पुलिस लाइन में आरक्षी फौजदार सिंह की सराहना एवं प्रशंसा करते हुए उनको प्रदत्त गोल्ड मेडल पहनाकर एवं खेल प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा उत्साह वर्धन हेतु 5000/- रुपये के नगद पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया।

# अवर अभियंताओं की अगुवाई में विद्युत विभाग ने की बड़ी कार्यवाही, 318 उपभोक्ताओं की कटी बिजली

**वेलकम इंडिया**



**संतकबीरनगर।** वर्तमान समय में बड़े बकायेदार उपभोक्ताओं से राजस्व वसूली करने हेतु एकमुश्त समाधान योजना चल रही है।इसके उपरान्त भी उपभोका अपना बकाया जमा नहीं कर रहे है। इसी क्रम में आज अवर अभियन्ता अमित सिंह द्वारा मोती चौक, गोरखल, बरदहिया, गोला बाजार, बजरिया, नेदुला आदि क्षेत्रों में बड़े बकायेदार उपभोक्ताओं पर कार्यवाही करते हुए 39 उपभोक्ताओं का कनेक्शन विच्छेदित कर दिया गया। अवर अभियन्ता मिथिलेश शाह द्वारा बगहिया, मैलानी, सरौली मेहदावल बाईपास, बड़गों जिला अस्पताल आदि क्षेत्रों में कार्यवाही करते हुए 43 उपभोक्ताओं का कनेक्शन विच्छेदित किया गया। अवर अभियन्ता भागीरथी प्रसाद व भानू प्रताप द्वारा संयुक्त रूप से बड़े बकायेदार उपभोक्ताओं पर कार्यवाही करते हुए 61 उपभोक्ताओं का कनेक्शन विच्छेदित किया गया। हरिहरपुर विद्युत उपकेन्द्र के अवर अभियन्ता सुनील यादव व चन्द्रभूषण द्वारा विश्वनाथपुर, हरिहरपुर, महुली आदि क्षेत्रों में बड़ी कार्यवाही करते हुए 71 उपभोक्ताओं का कनेक्शन विच्छेदित किया गया।इसी प्रकार हैंसर उपकेन्द्र के अवर अभियन्ता रामकरन और मोलनापुर उपकेन्द्र के अवर अभियन्ता फरमानअली द्वारा भी बड़े बकायेदार उपभोक्ताओं पर कार्यवाही करते हुए 56 उपभोक्ताओं का कनेक्शन विच्छेदित किया गया। अजय चौरसिया तथा रवीन्द्रनाथ अवर अभियंता ने धनघटा, पौली, चौरीकला आदि क्षेत्रों में कार्यवाही करते हुए 48 उपभोक्ताओं की लाइन विच्छेदित की। बड़े बकायेदार उपभोक्ताओं पर कार्यवाही से पूरे क्षेत्र में हड़कम्प मच गया।

लोग अपने-अपने विद्युत बिलों के बकाये का भुगतान करने की जुगत में जुटे गये। इस कड़ाके की ठंड में भी विद्युत विभाग अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहा है। अधिशासी अभियन्ता राजेश कुमार ने उपभोक्ताओं से आग्रह किया है कि अपने बकाये बिल का भुगतान शीघ्र करा दे अन्यथा विच्छेदन की कार्यवाही आगे भी चलती रहेगी। आज एकमुश्त समाधान योजना में 410 उपभोक्ताओं ने पंजीकरण कराया तथा 35.10 लाख रुपए राजस्व जमा हुआ।

## तीन साल के मासूम बच्चे की कुत्ते ने नोची आंख, जिला अस्पताल में भर्ती

**बरेली।** शहर में खूंखार कुत्तों का आतंक कम होने का नाम ही नहीं ले रहा है। शुक्रवार को भी खूंखार कुत्तों ने दो बच्चों पर हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गए। दोनों बच्चों के परिजनों ने उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। कुत्ते के हमले के बाद एक बच्चे की हालत नाजुक बताई जा रही है। आपको बता दें कि सीबीगंज के मथुरापुर नई बस्ती के रहने वाले ताज हुसैन का 3 वर्षीय बेटा मुमताज हुसैन पड़ोस में आयोजित एक नियाज के कार्यक्रम में हिस्सा लेने जा रहा था तभी रास्ते में अचानक खूंखार कुत्ते ने उस पर हमला कर दिया। जिससे उसके सिर और आखं पर गंभीर चोटें आईं। हमले के बाद वह खून से लथपथ हो गया। जैसे ही इस घटना कि जानकारी मासूम के परिजनों को हुई तो उन्होंने मासूम को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ पर लटका मिला युवक का शव, पुलिस ने पोस्टमॉर्टम को भेजा

**वेलकम इंडिया**



**टाण्डा जिला रामपुर।** नगर के निकटवर्ती ग्राम सेंटाखेड़ा निवासी युवक का शव शुक्रवार को सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में यूकेलिप्टिस के पेड़ से लटका मिला।जिससे सनसनी फैल गयी।मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पेड़ से उतरवाया और गहनता से घटनास्थल की जांच की।तत्पश्चात पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।

नगर के समीपवर्ती ग्राम सेंटाखेड़ा निवासी शमसुल (20वर्ष) पुत्र नन्हे पिछले पांच वर्ष से केरल में रहकर फर्नीचर का काम करता था।वह एक माह पहले ही वह केरल से आया था।परिजनों के अनुसार वह बृहस्पतिवार की शाम लगभग छह बजे घर से जरूरी काम से जाने को कहकर निकला। लेकिन देर रात तक घर नहीं पहुंचने से परिजनों को चिंता हुई।उन्होंने गांव व आसपास के क्षेत्र में काफी तलाश किया। रिश्तेदारी में भी पता किया।परंतु कोई सुराग न चल सका।शुक्रवार की सुबह लगभग आठ बजे गांव के ही एक व्यक्ति ने शमसुल का शव ग्राम से लगभग एक किलोमीटर दूर स्थित रिजवान पुत्र मोहम्मद हुसैन के खेत के पास नाले पर खड़े यूकेलिप्टस के पेड़ में लटका हुआ देखा।सूचना पर ग्रामीणों की भीड़ लग गयी।परिवारजन भी मौके पर पहुंच गए।ग्रामीणों ने पुलिस को घटना की जानकारी दी।सूचना पाकर पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई।फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया।पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने शव को पेड़ से उतरवाया और घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए।पुलिस ने परिजनों से भी पूछताछ की।पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।

फिलवक्त घटना के सही कारणों का पता नहीं चल सका है। प्रथमदृष्टया पुलिस आत्महत्या का मामला मानकर चल रही है।लेकिन पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है। मृतक शमसुल के माता-पिता का कई वर्ष पूर्व निधन हो चुका है।मृतक आठ भाई-बहनों में सबसे छोटा और अविवाहित था।शमसुल की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## गन्ने की छिलाई करने आया मजदूर किशोरी को लेकर हुआ फरार

**बीकापुर।** लखीमपुर खीरी से मजदूरी गन्ना की छिलाई करने कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में आया मजदूर गांव से 15 वर्षीय किशोरी को अपने साथ भगा ले गया।लापता किशोरी के मां की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध अपहरण करने की धारा में मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता द्वारा कोतवाली में दर्ज कराई गई रिपोर्ट के मताबिक लखीमपुर खीरी से कुछ मजदूर उनके गांव में गन्ने की कटाई मजदूरी करने आए थे। इसी दौरान 6 जनवरी को सुबह करीब 10 बजे लखीमपुर खीरी निवासी आरोपी रामनिवास पासी उनके 15 वर्षीय पुत्री को कहीं लेकर चला गया है काफी खोजबीन के बावजूद कोई सुराग नहीं मिल रहा है। प्रभारी निरीक्षक लालचंद सरोज ने बताया की आरोपी के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत करके तलाश की जा रही है।

## संविधान गौरव अभियान कार्यक्रम का आयोजन





**टाण्डा जिला रामपुर।** शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी की ओर से संविधान गौरव अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसमें भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर संविधान के महत्व एवं उसके मूल्यों पर प्रकाश डाला। नगर मंडल स्तर पर आयोजित संविधान गौरव अभियान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर भाजपा के जिला मंत्री राजकुमार चौहान एडवोकेट ने शिरकत की।इस अवसर पर उन्होंने संविधान के मूल सिद्धांतों एवं उसके महत्व पर प्रकाश डाला।इस अवसर पर नगर मंडल अध्यक्ष रोहित सैनी, पूर्व मण्डल अध्यक्ष योगेश सैनी और करन सिंह सैनी ने भी अपने विचार व्यक्त किए।कार्यक्रम में त्रिवेंद्र यादव, कपिल शर्मा, माखनलाल सैनी, अश्वनी वर्मा, नंदराम सैनी, विजेंद्र सैनी, लाखन सैनी, रामस्वरूप सैनी, केवल राम सैनी और गिरीश सैनी आदि मौजूद रहे।

## खेल कठिन परिस्थितियों में जीतने की भावना सिखाती है: इरशाद अहमद



**संतकबीरनगर।** विकास खंड सेमरियावां क्षेत्र के गांव बजहरा में क्रिकेट टूनामेंट का आयोजन किया गया। इस दौरान 52 टीमों ने भाग लिया। फाइनल मैच में बत्सी बत्सा ने सुजिया को हराकर जीत हासिल की। इस दौरान मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान इरशाद अहमद ने कहा कि खेलकूद प्रतियोगिता हमें अनुशासन, टीम भावना व कठिन परिस्थितियों में जीत की भावना सिखाती है। यह हमें शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाती है। हमें जीवन की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करती है। कार्यक्रम के विशिष्ठ अतिथि अखिल भारतीय राहुल गाँधी यूथ ब्रिगेड के जिला उपाध्यक्ष मुहम्मद इब्राहिम ने कहा कि यह प्रतियोगिता हमारे लिए एक यादगार और गर्व का समय रहा है, जिसमें हमने अपने युवाओं की प्रतिभा और क्षमता के प्रदर्शन का मौका मिलता है। खेल से एकता और सौहार्द को बढ़ावा मिलता है। इस तरह की प्रतियोगिता का आयोजन होते रहना चाहिए। इस अवसर पर विजेता और उपविजेता टीमों को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान मोहम्मद इरफान, मुहम्मद तारिक, फारूक अहमद आदि मौजूद रहे।

# आसमान में धूप खिली तो, उत्तरायणी मेले की रौनक दिखी

**वेलकम इंडिया**



**बरेली।** 9 जनवरी से 11 जनवरी तक आयोजित होने वाले उत्तरायणी मेले का उद्घाटन उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 9 जनवरी यानी गुरुवार को किया था। इस मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम, स्टॉल और पारंपरिक रंगयात्रा का आयोजन किया गया है, यह मेला उत्तराखंड की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को प्रदर्शित करता है। उत्तरायणी मेला बरेली क्लब मैदान पर 9 जनवरी से 11 जनवरी तक आयोजित किया जाएगा।

इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति के लिए उत्तराखंड के विभिन्न जिलों से आए कलाकारों ने अपनी प्रतिभा दिखाई. मेले में सौ से अधिक स्टाल लगाए गए थे, जहां पहाड़ की प्रसिद्ध बाल मिठाई, बांस के अचार के साथ खानपान के अन्य सामान भी उपलब्ध थे। मेले का आरंभ पारंपरिक रंगयात्रा से हुआ, जो कोतवाली के सामने अंबेडकर पार्क से शुरू हुई, उत्तरायणी मेले का आयोजन उत्तराखंड के बागेश्वर और उत्तर प्रदेश के बरेली में हर साल मकर संक्रांति पर होता है, बरेली में सिर्फ कोरोना महामारी के वक्त मेले का आयोजन नहीं हो पाया था, लेकिन पिछले साल तीन दिवसीय मेले की शुरूआत हुई, दरअसल उत्तरायणी मेले का इतिहास लगभग 100 साल पुराना है।




उत्तरायणी मेला कुमाऊं क्षेत्र के बागेश्वर जिले में हर साल 14 जनवरी को मकर संक्रांति के अवसर पर मनाया जाता है, यह मेला न केवल धार्मिक महत्व रखता है, बल्कि कुमाऊं की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को भी प्रदर्शित करता है।

# शैक्षिक नवाचार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष ने साझा की रणनीति

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**



**बरेली।** शैक्षिक नवाचार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने शुक्रवार को राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त प्रधानाध्यापक लाल बहादुर गंगवार के निवास पर आकर संगठन की रणनीति पर विचार विमर्श किया एवं इन्नोवेटिव शिक्षकों को उनके काम की एक पहचान मिले इसके लिए भी साझा रणनीति तैयार की। प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि जल्द ही जिला प्रतिनिधियों के साथ आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की जाएगी इसके साथ ही मंडलीय स्तर पर भी संगठन का विस्तार किया जाएगा।

प्रदेश अध्यक्ष द्वारा राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक लाल बहादुर गंगवार को मंडलीय टीम में सम्मानजनक स्थान देने का आश्वासन प्रदेश अध्यक्ष द्वारा दिया गया। उन्होंने इस अवसर पर एक इन्नोवेटिव शिक्षक के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने पर उच्च प्राथमिक विद्यालय जोगीठेर के प्रधानाध्यापक लाल बहादुर गंगवार को उनके निवास पर सम्मानित भी किया।

# मेरठ गगोल रोड पर स्थित रैन बसेरे में खुली नगर निगम की पोल

**वेलकम इंडिया**




**मेरठ।** थाना परतापुर क्षेत्र के गंगोल रोड रेन बसेरे में नगर निगम के दावों की खुली पोल, ना तो अलाव के लिए लकड़ी और ना पीने के लिए गर्म पानी की सुविधा, जब स्मार्ट विजन न्यूज के रियलिटी चेक में नगर निगम के दावे हुए धराशाई, जब वेलकम इंडिया न्यूज के संवाददाता मेरठ परतापुर गोल रोड स्थित रैन बसेरे में पहुंचे तब नगर निगम के दावों की तमाम पोल खुल गई साफ सफाई की व्यवस्था के अलावा वहां और कोई सुविधा नहीं दिखाई दी रैन बसेरे के प्रबंधक ने बताया कि वहां अलाव जलाने के लिए लकड़ियां कई दिन से खत्म हो गई है जिसकी सूचना ऊपर अधिकारियों को दे दी गई है लेकिन लकड़ियां तो दूर जवाब तक नहीं आया है।

जो लोग रैन बसेरे में रह रहे थे उन लोगो ने कैमरे के सामने बोला इस कड़ाके की ठंड में ठंडा पानी पीने को मजबूर है।

ना तो अलाव की व्यवस्था और ना रूम में हीटर की व्यवस्था कड़ाके की ठंड में जैसे तैसे रात काटने को मजबूर हो रहे है।

जहां एक तरफ नगर निगम रैन बसेरों को लेकर लाख दावे कर रहा था वह सारे दावे जमीनी स्तर पर हवा हवाई दिखे केवल कागज तक ही सिमट कर रह गए अक्सर यही देखा जाता है कि नगर निगम के किए हुए दावे सिर्फ कागजों में ही होते हैं जो धरातल पर धराशाई दिखाई देते हैं

# विद्यार्थियों ने थाने का भ्रमण कर पुलिस कार्यप्रणाली को समझा

**वेलकम इंडिया**



**टाण्डा जिला रामपुर।** भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालयद्वारा संचालित छात्र-पुलिस अनुभवात्मक अधिगम कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को क्षेत्र के महाराजा पृथ्वीराज चौहान डिग्री कॉलेज के स्नातक स्तर के छात्र-छात्राओं ने स्थानीय कोतवाली का भ्रमण कर पुलिस की सामान्य कार्यप्रणाली एवं तौर तरीकों को जानने के साथ ही पुलिस अधिकारियों से मार्गदर्शन प्राप्त किया।

कार्यक्रम के नोडल अधिकारी वरिष्ठ उपनिरीक्षक सतराज सिंह ने विद्यार्थियों को पुलिस से सम्बंधित विभिन्न जानकारी उपलब्ध कराई। शुक्रवार को युवा कार्यक्रम व खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे छात्र-पुलिस अनुभवात्मक अधिगम कार्यक्रम के तहत महाराजा पृथ्वीराज चौहान डिग्री कॉलेज के स्नातक स्तर के छात्र-छात्राओं ने स्थानीय कोतवाली का भ्रमण किया।इस दौरान विद्यार्थियों ने महिला हेल्पडेस्क, आगंतुक कक्ष, एफआईआर लेखन, जीडी रजिस्टर, आपराधिक विवेचना, यातायात नियंत्रण, साइबर क्राइम, आईजीआरएस और कानून व्यवस्था जैसे महत्वपूर्ण विषयों के सम्बंध में जानकारी प्राप्त की।

कार्यक्रम के नोडल अधिकारी वरिष्ठ उप निरीक्षक सतराज सिंह ने विद्यार्थियों को पुलिस से जुड़े विभिन्न कार्यों के बारे में अवगत कराते हुए व्यवहारिक अनुभव प्रदान किया।

छात्र-पुलिस अनुभवात्मक अधिगम कार्यक्रम जहां विद्यार्थियों को एक अच्छा एवं जिम्मेदार नागरिक बनने में मददगार साबित होगा, वहीं पुलिस की कार्यप्रणाली, आपराधिक प्रक्रिया, दर्ज मामलों की विवेचना, साइबर क्राइम एवं कानून व्यवस्था आदि महत्वपूर्ण विषयों की बाबत भी उनकी समझ विकसित होगी। **-ओमकार सिंह, प्रभारी निरीक्षक टाण्डा**

# बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने सतीश प्रधान को मेरठ मंडल प्रभारी किया नियुक्त

**वेलकम इंडिया**



**हापुड़।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने सतीश प्रधान को मेरठ मंडल का प्रभारी किया नियुक्त बसपाइयों में दौड़ी खुशी की लहर।बता दे कि आगामी चुनाव को लेकर बहुजन समाज पार्टी ने राजनीति की गोटिया बैठाना शुरू कर दिया है।जिसके चलते सतीश प्रधान को बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश और राज्यसभा सांसद माननीय बहन कुमारी मायावती ने मेरठ मंडल का प्रभारी बनाया गया है।

वही मेरठ मंडल की कमान मिलने पर सतीश प्रधान का कहना है कि माननीय बहन कुमारी मायावती का मैं दिल की गहराईयों से आभार प्रकट करता हूं। और माननीय नौशाद अली पूर्व एमएलसी एवं मान्य राजकुमार गौतम पूर्व मंत्री का भी दिल की गहराई से आभार प्रकट करता हूं। बहन जी ने जो जिम्मेदारी सौंपी है मैं उसको बखूबी निभाते हुए संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए अग्रसर रहूंगा।

# कांग्रेस सरकार की अपेक्षा किसानों को 14 गुणा अधिक दिया गया मुआवजा : रणबीर गंगवा

**वेलकम इंडिया**



**हरियाणा/हिसार।** हरियाणा के लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार हर वर्ग के हितों को ध्यान में रखकर काम कर रही है। यही नहीं, सुप्रीम कोर्ट के फैसले का सम्मान करते हुए सरकार ने आरक्षण में वर्गीकरण करके वंचितों को लाभ दिया, जिसकी सर्वत्र प्रशंसा हो रही है।

रणबीर सिंह गंगवा भाजपा जिला कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। वे यहां जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्याएं सुनने आए थे। उन्होंने कहा कि पूर्व की कांग्रेस सरकार ने इन वंचित वर्गों को आरक्षण का लाभ नहीं दिया, जिससे इन वर्गों को भारी आर्थिक व सामाजिक नुकसान उठाना पड़ा। उन्होंने कहा कि किसानों के हित में भी प्रदेश सरकार बेहतर कार्य कर रही है। प्रदेश में सभी फसलें एमएसपी पर खरीदी जा रही है वहीं फसलों का भुगतान भी तुरंत किया जा रहा है। इसके अलावा कांग्रेस सरकार की तुलना में 14 गुणा अधिक मुआवजा भाजपा सरकार ने किसानों को दिया है। सरकार का प्रयास है कि किसानों की आमदनी बढ़े और वे बेहतर जीवन यापन करें। रणबीर गंगवा ने कहा कि जनस्वास्थ्य व लोक निर्माण विभाग का कार्यभार संभालने के साथ ही उन्होंने ऐलान कर दिया था कि क्वालिटी से कोई समझौता नहीं होगा। इसके चलते लापरवाही व अनियमितताएं मिलने पर हमने अधिकारियों व संबंधित एजेंसी पर कार्रवाई भी की है। इसके अलावा अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे तालमेल से काम करें। ऐसा न हो कि लोक निर्माण विभाग सड़क बना दे और जनस्वास्थ्य विभाग वाले सीवरेज डालने के लिए उस सड़क को खोदने के लिए पहुंच जाए। उन्होंने एक सवाल के जवाब में बताया कि विभाग में भ्रष्टाचार रोकने की दिशा में कार्य करते हुए अधीक्षक अभियंता स्तर के अधिकारी की निगरानी में विजीलेंस टीम गठित की जाएगी।

उन्होंने कहा कि शहर में कई जगह सीवरेज जाम की तो कई जगह पानी न पहुंचने की समस्याएं सामने आ रही है, यह सब पूर्व की सरकारों का बिना कोई योजनाए बनाए काम करने का नतीजा है। वर्तमान में हम प्रयास कर रहे हैं कि हर काम भविष्य की योजनाओं को देखते हुए हो।

पत्रकार वार्ता में जिला परिषद चेयरमैन सोनू डाटा, भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक सैनी, उपाध्यक्ष रणधीर सिंह धीरू व संजीव रेवड़ी व मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सपड़ा भी मौजूद थे।

# मास्टर माइंड घरेलू नौकर ने साथियों संग दिया था डकैती की वारदात को अंजाम, गिरफ्तार

## 50 लाख के गहने और 10 लाख कैश बरामद, बिहार पहुंचने से पहले पुलिस ने दबोचा

वेलकम इंडिया





**गाजियाबाद।** कविनगर में 7 जनवरी को हुई डकैती की वारदात का डीसीपी सिटी की टीम ने 40 घंटे बाद खुलासा करते हुए मास्टर माइंड नौकर समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से 50 लाख के गहने और 10 लाख रुपये नगद बरामद किया है। वारदात में शामिल एक अन्य शातिर की पुलिस तलाश कर रही है। कारोबारी ने डकैती की एफआईआर दर्ज कराते हुए 80 लाख के गहने और करीब 25 लाख की नगदी लूटे जाने की बात कही थी। शुक्रवार को हरसांव स्थित पुलिस लाइन में डकैती की घटना का खुलासा करते हुए डीपीसी सिटी राजेश कुमार ने कवि नगर एसीपी अभिषेक श्रीवास्तव की मौजूदगी में बताया कि कविनगर के ए ब्लॉक में कोठी नंबर- 101 में रहने वाले उद्योगपति और स्टील कारोबारी 78 वर्षीय रामदास गुप्ता और उनकी पत्नी सुमित्रा गुप्ता 7 जनवरी की रात को बदमाशों ने डकैती की वारदात को अंजाम दिया था। बदमाशों की एंट्री से कुछ देर पहले ही कोठी से घरेलू नौकर चंदन बाहर निकला था। नौकर चंदन फोन पर लुटेरों को पूरी जानकारी दे रहा था। रात में करीब 10 बजे जब लुटेरे घर से निकल गए तो रामदास गुप्ता ने पड़ोसी को जानकारी दी, पड़ोसी ने ही पुलिस को सूचित किया था और फिर बच्चों को लेकर गोवा गए रामदास गुप्ता के बेटे गौरव गुप्ता को मामले की जानकारी दी गई थी। रामदास गुप्ता की तहरीर पर कविनगर थाने में डकैती का मुकदमा दर्ज हुआ था। डीसीपी सिटी राजेश कुमार ने बताया कि मामले में पुलिस टीम गठित कर लोकल इनपुट, सीसीटीवी कैमरे व मुखबिर की सूचना के आधार पर शुक्रवार को घरेलू नौकर चंदन कुमार पुत्र राम उदगार कामत निवासी सुपौल, चंदन के गांव के रहने वाले ओमप्रकाश पुत्र जोगेंद्र कामत और सुनील कुमार पुत्र शिवशंकर निवासी जिला गोंडा को मुखर्जी पार्क के पास से गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों का एक साथी फरार है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है। पुलिस पूछताछ में चंदन ने बताया कि वह दो वर्षों से कोठी में काम करता था। कैश और गहनों के बारे उसे पूरी जानकारी थी। 4 जनवरी को गौरव गुप्ता अपने बच्चों के साथ गोवा घूमने चले गये थे। घर में केवल बुजुर्ग रामदास गुप्ता व उनकी पत्नि सुमित्रा गुप्ता ही थे और घर का सीसीटीवी कैमरा भी खराब था। यह बात नौकर ने अपने साथी ओमप्रकाश को बताई। 7 जनवरी को ओमप्रकाश अपने दो दोस्तों के साथ कोठी के पास चाय की दुकान पर पहुंचा। जहां चारों मिले और रात को करीब पौने नौ बजे डकैती की वारदात को अंजाम दे डाला। घटना को अंजाम देने के बाद बदमाश आरडीसी, राजनगर पहुंचे और कैश आपस में बांट लिया।

# पुलिस सुरक्षा में व्यापारी ने किया अपना व्यापार शुरू, प्रतिष्ठान पर पुलिस बल तैनात

वेलकम इंडिया




**कांधला।** हार्डवेयर व्यापारी से रंगदारी मांगने के मामले में पुलिस के हाथ चार दिन बीत जाने के बाद भी खाली है। पुलिस अभी तक आरोपी तक नही पहुंच पाई है। वही व्यापारी ने चौथे दिन पुलिस सुरक्षा के बीच अपने प्रतिष्ठान को खोला।

नगर के रेलवे रोड जाट कॉलोनी निवासी व्यापारी आबिद सैफी से सोमवार की रात्रि लगभग 08 बजे 50 लाख रूपए व काले रंग की फॉर्च्यूनर कार की रंगदारी मांगी गई थी। कॉलर ने खुद को पानीपत का सुरेन्द्र काला बताया था। रंगदारी मांगने के बाद व्यापारी दहशत में आ गया था तथा उसने मंगलवार को अपना प्रतिष्ठान बंद रखा था। जिसकी सूचना मिलने पर बुधवार को व्यापार मंडल के पदाधिकारियों से व्यापारी से संपर्क कर उसे अपने साथ थाने ले जाकर मामले की सूचना थाना प्रभारी निरीक्षक क्षितिज कुमार को दी थी। सूचना पर पुलिस अधीक्षक शामली ने कांधला व्यापारी के घर पहुंच कर उससे घटना के बारे में जानकारी ली थी, वही मामले में एडीजी अमिताभ यश के द्वारा भी थाना प्रभारी क्षितिज कुमार से प्रगति रिपोर्ट के बारे में जानकारी लेते हुए व्यापारी की सुरक्षा के लिए व्यापक कदम उठाने के लिए कहा था। रंगदारी की कॉल आने के बाद से व्यापारी भय के कारण अपना प्रतिष्ठान नही खोल रहा था। जबकि थाना प्रभारी निरीक्षक ने एसपी के आदेश के बाद व्यापारी को सुरक्षा की दृष्टि से एक गनर उपलब्ध करा दिया था। किन्तु चार दिन बाद भी पुलिस मामले में अभी तक आरोपी तक नही पहुंच पाई है। शुक्रवार को पुलिस के आश्वासन के बाद व्यापारी ने अपना प्रतिष्ठिान खोल लिया। वहीं घटना का खुलासा ना होने पर व्यापारी के परिजन अभी भी भयभीत है। व्यापारी के परिजन मामले का जल्द खुलासे की मांग कर रहे है। थाना प्रभारी निरीक्षक क्षितिज कुमार का कहना है कि मामले में जांच चल रही है, बहुत जल्द आरोपी को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा कर दिया जायेगा।

# विधवा महिला ने देवर और ससुर पर की कार्रवाई की मांग

वेलकम इंडिया



**कांधला।** कस्बे के मोहल्ला रेल मंडी निवासी एक विधवा महिला ने अपने देवर एवं ससुर पर उसके डीजे पर जबरदस्ती कब्जा करने एवं चोरी से सामान बेचने का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है पुलिस जांच में जुटी हुई है। शुक्रवार को कस्बे की रेल मंडी निवासी विधवा महिला रेखा पत्नी शिवकुमार ने बताया कि उसके पति की वर्ष 2018 में बीमारी के चलते मौत हो गई थी। पीड़िता के पति ने घरेलू खर्च चलाने के लिए गाड़ी पर डीजे लगा रखा था जो की शादी विवाह में बजाने का कार्य करता था। उसके पति की मौत के बाद उसके डीजे पर उसके देवर एवं ससुर ने जबरन कब्जा कर लिया था। पीड़िता लगातार अपने डीजे को वापस मांग रही थी। आरोप है उसके देवर ने उनके गाड़ी के चालान कर रखे हैं और उनको खर्चा भी नहीं देता। और ससुर और देवर आए दिन गाली-गलौज करते रहते हैं। शुक्रवार को आरोपी देवर ने उसका डीजे का सामान बेच दिया और पीड़िता के साथ गाली गलौज की। विधवा महिला ने आरोपियों के विरुद्ध थाने पहुंच कर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है।

# पं. दीनदयाल उपाध्याय हिन्दी विद्यापीठ द्वारा विश्व हिन्दी दिवस भव्य आयोजन

वेलकम इंडिया



**झांसी!** पं. दीनदयाल उपाध्याय हिन्दी विद्यापीठ द्वारा विश्व हिन्दी दिवस पर स्वच्छता की दौड़ में सात बार राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम पुरस्कार प्राप्त कर देश के सबसे स्वच्छता का अध्ययन करने स्वच्छ सर्वेक्षण के नंबर वन ब्रांड एंबेसेडर डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही ने इंदौर पहुंचकर दिनों तक इंदौर की स्वच्छता कार्यक्रम का मैदानी अध्यन किया और कहा कि स्वच्छता इंदौर के लोगों के दिलों में बसती है 8 वी बार भी इंदौर का दावा बनता नजर आ रहा है दिन रात सफाई कार्य में जुटा रहता है इंदौर इसी क्रम में स्वच्छता के प्रति समर्पित स्वच्छता दूत डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही को इंदौर में पं. दीनदयाल उपाध्याय हिंदी विद्या पीठ वृंदावन धाम मथुरा द्वारा विश्व हिन्दी दिवस पर आयोजित राष्ट्रीय हिंदी संगोष्ठी में सम्मान पत्र एवम स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गयाअतिथि के रूपमें पधारे डॉ विश्वनाथ पाणिग्रहि ने स्वच्छता शपथ एवं पुण्य श्लोक लोकमाता अहिल्या देवी के त्रि शताब्दी जन्म समारोह के संदर्भ में पोस्टर विमोचन किया गया।

# लंबी दूरी यात्रा के लिए यूपीएसआरटीसी ने 20 फीसदी कम किया किराया

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम (यूपीएसआरटीसी) लंबी दूरी की यात्रा करने वालों को स्लीपर बसों के किराए में बड़ी राहत दी है। किराए में कटौती का लाभ वॉल्वो बसों में भी मिलेगा। रियायती दरें कल से लागू कर दी गई हैं। रीजनल मैनेजर (आरएम) केएन चौधरी ने किराए कम किए जाने की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि स्लीपर और वॉल्वो बसों के किराए में रियायत से लंबी दूरी तक यात्रा करने वालों को काफी लाभ मिलेगा। निगम ने यह फैसला ठंड में यात्रियों की कम होती संख्या को देखते हुए लिया है। आरएम केएन चौधरी ने बताया कि यूपीएसटीसी की वॉल्वो बसों में प्रति किमी 2.86 रुपये किराया लगता था। इसमें छूट करते हुए अब 2.30 रुपये प्रति किमी के हिसाब से किराया वसूला जाएगा। इसी तरह स्लीपर बसों का किराया भी 2.58 रुपये प्रति किमी से कम कम करके 2.18 रुपये कर दिया गया है। आरएम ने बताया कि सर्दियों के चलते घटा हुआ किराया 9 जनवरी से 28 फरवरी तक लागू रहेगा। आरएम केएन चौधरी ने बताया कि यूपीएसआरटीसी ने अपनी जनरथ बसों के किराए भी छूट देने का फैसला लिया है। जनरथ बसों में किराया 1.63 रुपये प्रति किमी की दर से लगता है लेकिन अब 28 फरवरी तक 1.45 रुपये के हिसाब से किराया चार्ज किया जाएगा। टू बाई टू जनरथ बसों में किराया 1.93 रुपये प्रति किमी से घटाकर 1.60 रुपये प्रति किमी कर दिया गया है।



# तेज रफ्तार अनियंत्रित कार एन एच -9 से 200 मीटर दूर गहरी खाई में गिरने पर बच्चों सहित कार सवार पांच लोग गंभीर रूप से घायल

**हापुड़ गढ़मुक्तेशर/** थाना सिम्भावली क्षेत्र के अंतर्गत गांव खुडलिया के निकट एन एच–9 पर दिल्ली से मुरादाबाद जाते हुए तेज रफ्तार के चलते अनियंत्रित होकर 20 कार गाड़ी ऊछ 93 अअ 0662 ड्राइवर के इमर्जेंसी ब्रेक लेने पर हाइवे से पलटती हुई लगभग 200 मीटर दूर गहरी खाई खेत में जा गिरी।जिसमें परिवार की महिलाएं बच्चे सहित पांच लोग सवार थे। जो कि बुरी तरह घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को नजदीकी अस्पताल भिजवाया। जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। साथ ही पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद गाड़ी को हाइड्रा क्रेन की मदद से खेत से बाहर निकलवाया है।

# देर रात शहर भ्रमण पर निकले आसरा सोसाइटी के सदस्य जरूरतमंदों के बीच किया कंबल का वितरण



वेलकम इंडिया

**झांसी!** स्टेशन रोड 9 नंबर एवं जेल चौराहे स्थित में गुरुवार को आसरा सोसायटी की ओर से असहाय व जरुरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया सोसायटी की अध्यक्ष पूजा शर्मा एवं बंटी शर्मा के हाथों कंबल का वितरण किया गया इस दौरान कैलाश कुशवाहा ने कहा कि आसरा सोसायटी से जुड़े लोग हमेशा जरूरतमंद व असहाय लोगों की सेवा में तत्पर रहते हैं। ठंड के बढ़ते मौसम में गरीब व असहाय की परेशानी को देखते हुए समय पर आसरा सोसायटी द्वारा मदद पहुंचाई जा रही है जो काफी सराहनीय कार्य है। कड़ाके की ठंड में असहायों की सेवा ही मानवता की सेवा है। सोसायटी की अध्यक्ष पूजा शर्मा ने कहा कि सोसायटी हमेशा लोगों की समस्याओं को दूर करने का हर संभव प्रयास करता है मानव सेवा करना परमधर्म है। इस अवसर पर 100 बुजुर्ग वृद्ध व जरूरतमंद लोगों को कंबल दिया गया। इस मौके पर अधिवक्ता शिरोमणि शर्मा , राजकुमारी शर्मा कैलाश कुशवाहा, बंटी शर्मा, हरिओम वर्मा मीना मसीहा आदि लोग मौजूद रहे।

# प्लॉट छोड़े की एवज में मांगे 50 लाख रुपये, 7 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** अकबरपुर बहरामपुर में अलीगढ़ के साईं ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चैयरमेन का प्लाट कब्जाने की कोशिश करने तथा प्लॉट छोडे की एवज में 50 लाख रुपये मांगने का माला सामने आया है। प्लॉट मालिक के कर्मचारी ने खुद को सपा नेता बताने वाले व्यक्ति और उसके बेटे समेत सात लोगों के खिलाफ क्रॉसिंग रिपब्लिक थाने में केस दर्ज कराया है। यशवंत का कहना है कि वह श्री साईं ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस अलीगढ़ के मालिक राकेश गुप्ता के यहां नौकरी करते हैं। क्रॉसिंग रिपब्लिक थानाक्षेत्र के अकबरपुर बहरामपुर में ग्रुप का 500 वर्ग गज का प्लॉट है। वह भीम सैन और कपिल पिलानिया के साथ प्लॉट पर बने कमरे में रहकर प्लॉट की देखभाल करते हैं। यशवंत का आरोप है कि रामे यादव और उसका बेटा राहुल यादव वर्ष 2008 से ही प्लॉट पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। रामे यादव खुद को समाजवादी पार्टी का नेता बताकर रौब गांठता है और बार-बार प्लॉट पर आकर उन्हें तथा अन्य दोनों कर्मचारियों को जान से मारने की धमकी देते हैं। यशवंत के मुताबिक रामे यादव बाहरी लोगों के प्लॉटों के फर्जी दस्तावेज तैयार कर उन पर अवैध कब्जा करता है और कब्जा छोडे की एवज में पैसों की मांग करता है। उसके खिलाफ विजयनगर थाने में मुकदमे भी दर्ज हैं। हाल ही में रामे यादव और राहुल यादव ने प्लॉट की बाउंड्री वाल पर मालिक राकेश गुप्ता का नाम मिटाकर प्लॉट कब्जाने का प्रयास किया था। इस संबंध में राकेश गुप्ता ने केस दर्ज कराया था। यशवंत के मुताबिक 15 दिसंबर को उनके मालिक राकेश गुप्ता के फोन पर अनजान नंबर से फोन आया था। कॉलर ने अपना नाम राहुल यादव बताते हुए कहा कि प्लॉट उसने खरीद लिया है। या तो प्लॉट उसे दे दो या बदले में 50 लाख रुपये दे दो। राहुल यादव ने बात न मानने पर अंजाम भुगतने की धमकी दी। यशवंत के मुताबिक रामे यादव और राहुल यादव फर्जी दस्तावेज तैयार करके प्लॉट कब्जाना चाहता है। इसी के चलते राकेश गुप्ता ने कोर्ट की शरण ली, जिसके बाद कोर्ट ने छह जनवरी 2025 को यथास्थिति का आदेश दिया था। आरोप है कि आठ जनवरी को वह भीम सैन और कपिल पिलानिया के साथ प्लॉट पर बने कमरे में बैठे थे। इसी दौरान कार से रामे यादव, राहुल यादव तथा पांच अज्ञात लोग उतरे और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने कहा कि अगर राकेश गुप्ता ने 50 लाख रुपये नहीं दिए तो वह प्लॉट पर कब्जा कर लेंगे।

# स्वामी विवेकानंद जयंती राष्ट्रीय युवा उत्सव तीन दिवसीय आयोजन हुआ सम्पन्न

वेलकम इंडिया

**झांसी!** प्रयास सभी के लिए के संस्थापक अध्यक्ष मनमोहन गेड़ा के नेतृत्व में अध्यक्ष बैदेही शरण सरावगी की अध्यक्षता में प्रधानाचार्य श्रीमति अंजना सारस्वत के आतिथ्य में स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में विवेकानंद जयंती पर तीन दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत आज प्रथम दिवस पर उनके विचार संग्रह पर एक विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें 65 छात्राओं ने सहभागिता दी प्रथम तीन स्थान पर आने वाली अनन्या ,इच्छा और वैष्णवी को विशेष उपहार देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संयोजन अम्बिका प्रसाद श्रीवास्तव और देवेश मिश्रा ने किया और संचालन रामकुमार लोहिया ने किया।



# संदिग्ध परिस्थितियों में व्यक्ति की मौत

वेलकम इंडिया

**मुरादनगर।** गांव रावली कलां में एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि उधार दिए दस लाख रुपये मांगने पर कोल्हू संचालक ने किसान की धमकी दी थी, जिस कारण सदमे मौत हो गई। ग्रामीणों ने रावली पुलिस चौकी पर कार्रवाई की मांग को लेकर हंगामा किया। गांव रावली कलां निवासी सतपाल जाटव अपनी पत्नी रामवीरी, पुत्र हिंमाशु और दीपांशु के अलावा दो पुत्रियों के साथ रहते थे। आरोप है कि सतपाल ने एक साल पहले एक कोल्हू संचालक को दस लाख रुपये उधार दिए थे। गुरुवार रात रकम मांगने के लिए कोल्हू संचालक के पास गए थे। आरोप है कि कोल्हू संचालक ने तमंचा दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद सतपाल घर आकर चारपाई पर लेट गए। शुक्रवार सुबह परिजन उन्हें उठाने गए थे तो शरीर में हलचल दिखाई नहीं दी।

# 18 बीघा क्षेत्र में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी को जीडीए ने किया ध्वस्त

**गाजियाबाद।** मोरटा गांव स्थित बिजली घर के पास 18 बीघा क्षेत्र में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी पर जीडीए का शुक्रवार को बुलडोजर चला। इस दौरान कॉलोनी में निमार्णाधीन भूखंडों की बाउंड्रीवाल पूरी तरह तोड़ दी। जोन एक की प्रवर्तन टीम शुक्रवार को मोरटा गांव पहुंची। जहां टीम ने अवैध रूप से विकसित हो रही कॉलोनी पर कार्रवाई की। जीडीए टीम ने यहां भूखंडों की बाउंड्रीवाल पर बुलडोजर चलाकर उन्हें तोड़ दिया। साथ ही सड़कों को खोदते हुए विद्युत पोल भी ध्वस्त कर दिए।

# मोदी कॉलेज के एन सी सी अधिकारी प्रवीण जैनर को डी जी बैज लगाकर किया सम्मानित

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर।** डॉ के एन मोदी साइंस एण्ड कामर्स कालेज के एन सी सी अधिकारी प्रवीण जैनर को महानिदेशक, राष्ट्रीय कैडेट कोर द्वारा एन सी सी के सर्वोच्च सम्मान डी जी ह्लकमेन्डेशन कार्डह्व से सम्मानित करने पर वाहिनी के कमान अधिकारी कर्नल पी के सिंह ने वाहिनी में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान एन सी सी अधिकारी प्रवीण जैनर को प्रशस्ति बैज लगाकर सम्मानित करते हुए बधाई और शुभकामनाएं दी तथा भविष्य में भी इसी प्रकार मेहनत ,लगन और ईमानदारी से अपने परिवार, विद्यालय,एन सी सी वाहिनी के साथ साथ अपने क्षेत्र का नाम रोशन करने हेतु प्रेरित किया।

कर्नल पी के सिंह ने एन सी सी के लिए निष्ठा ईमानदारी एवं लगन से किये गये उत्कृष्ट कार्यों के लिए दिए गए सम्मान के लिए प्रवीण जैनर की मेहनत ,लगन और कार्य के प्रति समर्पण की भावना का ज़िक्र करते हुए सम्मान प्राप्ति पर उन्हें भविष्य के लिए ढेर सारी शुभकामनाएं दी।प्रवीण जैनर ने इसके लिए अपने परिजनों, संबंधियों, साथियों, वरिष्ठ अधिकारियों को धन्यवाद दिया जिन्होंने समय समय पर उन्हें अपने कर्तव्यों का स्मरण कराते हुए सदैव अपने दायित्वों का पालन करने हेतु प्रेरित किया।विदित हो कि यह सम्मान,एन सी सी महानिदेशक द्वारा देश के चुनिंदा एन सी सी अधिकारियों को प्रदान किया जाता है जिसमें सम्मान स्वरूप डी जी एन सी सी प्रशस्ति पत्र, बैज एवं 2500 रुपया नगद प्रदान किया जाता है। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय कैडेट कोर मानव जीवन में अनुशासन लाने के साथ ही राष्ट्रीय सुरक्षा की भी सर्वाधिक युवा इकाई है। श्री प्रवीण कुमार जैनर जो डॉ के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज मोदीनगर में अंग्रेजी प्रवक्ता एवं एन सी सी अधिकारी हैं, को एन सी सी महानिदेशक द्वारा एन सी सी के सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित किया गया है ।यह सम्मान वास्तव में श्री जैनर के सामाजिक, शैक्षिक और उनके विभिन्न सकारात्मक कार्यों का ही सम्मान है ।विद्यालय और मोदीनगर शहर के लिए प्रवीण कुमार जैनर को यह सम्मान मिलना गौरव का क्षण है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सतीश चंद अग्रवाल एवं उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ गाजियाबाद के जिलाध्यक्ष शरद कुमार बाजपेयी, सूबेदार मेजर परमानंद,सुबेदार सरदार सिंह, सुबेदार प्रणीत गुरुंग के साथ साथ कालेज के शिक्षकों सेवानिवृत्त मेजर टी पी सिंह ,ले० राजीव जांगिड़ शारीरिक शिक्षक राजीव सिंह गौरव त्यागी , कैप्टन रजनीश जिंदल, ले० अमित शर्मा, ले० डॉ मुकेश कुमार, ले० नगेंद्र कुमार, ऑफिसर राजीव मैत्रे, डॉ अमित कुमार, सुखविंदर तेवतिया, रितेश राय,मनोज कुमार,सीटीओ अनुराग, डॉ कपिल शर्मा ,ज्योति सचदेवा, हवलदार संजीत, हवलदार सुखदीप, हवलदार देवेंद्र बिष्ट, हवलदार पवन आदी ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं हैं।

# पालिका बोर्ड बैठक संपन्न, विकास के कई प्रस्ताव पारित किए गए



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** नगर पालिका परिषद बोर्ड बैठक पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बोर्ड बैठक में नगर विकास के कई प्रस्ताव पारित किए गए। पालिका के सभाकक्ष में पालिका अध्यक्ष व समस्त वार्ड सदस्यों एवं विधायक डॉ मंजू शिवाच व अधिशासी अधिकारी की उपस्थिति में बोर्ड बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें स्वामी कल्याण देव स्कूल कादराबाद को अधिकृत किये जाने, सुचेतापुरी में सैनिक भवन विकसित किये जाने, पथ प्रकाश पोलों पर तिरंगा लाईट लगवाये जाने, स्ट्रीट लाईट कय किये जाने, चाऊमीन चौक पर पूर्व प्रधानमंत्री स्व० श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की प्रतिमा लगवाये जाने, हरमुखपुरी में शहीद मंगल पाण्डे, रानी लक्ष्मीबाई व शहीद उधम सिंह की मूर्ति लगवाये जाने, नगर में बंदर पकडवाये जाने एवं नगर के सौन्दर्गीकरण हेतु एन्ट्री गेट, पुलिस बूथ निर्माण आदि प्रस्ताव पारित किये गये ।विनोद अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद मोदीनगर की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें नरेन्द्र मोहन मिश्र अधिशासी अधिकारी, अंकित कुमार राजस्व निरीक्षक, अमरीश कुमार सफाई एवं खाद्य निरीक्षक, दिनेश कुमार सफाई एवं खाद्य निरीक्षक, अंकित गोयल, ललित त्यागी व कामेश चौहान आदि अधिकारीगण व सदस्य उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय स्तरीय प्रदर्शनी मे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर छात्रों को किया सम्मानित



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** डॉ के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज में भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें डॉ केएन मोदी फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ देवेंद्र कुमार मोदी और प्रधानाचार्य ने नेशनल चिल्ड्रन साइंस कांग्रेस कि राष्ट्रीय स्तरीय प्रदर्शनी मे विद्यालय के कक्षा 11 के छात्र भविष्य सागर द्वारा अपने प्रोजेक्ट का उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर मोमेंटो और उनके साथ गाइड टीचर राजीव कुमार वर्मा प्रवक्ता रसायन विज्ञान को मोमेंटो और प्रशस्ति पर देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि बच्चा आगे भविष्य में एक साइंटिस्ट बनने के लिए अग्रसर है। विद्यालय के अध्यक्ष डॉ डीके मोदी ने कहा जो बच्चे अपना लक्ष्य निर्धारित करके चलते हैं वे जिंदगी में हमेशा सफल होते हैं ।कॉलेज के प्रधानाचार्य सतीश चंद्र अग्रवाल ने भी बच्चों को उनके गाइड टीचर राजीव वर्मा प्रवक्ता रसायन विज्ञान को बहुत प्रशंसा की और कहा कि भविष्य में आप ऐसी मेहनत करेंगे और सभी टीचर्स को भी उन्होंने इस प्रकार मेहनत करके आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

# विश्व हिंदी दिवस के पर हिंदी कविता तथा संभाषण प्रतियोगिता का आयोजन



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** गिन्नी देवी मोदी गर्ल्स पीजी कॉलेज में महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर पूनम शर्मा के कुशल नेतृत्व में हिंदी विभाग के निर्देशन में विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर हिंदी कविता तथा संभाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका शीर्षक हिंदी का उत्थान युवाओं का योगदान था। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर पूनम शर्मा के द्वारा किया गया।इस कार्यक्रम में लगभग 60 छात्राओं ने प्रतिभागिता की जिसमें काव्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कुमारी दीपाली बी ए थर्ड ईयर में प्राप्त किया तथा द्वितीय स्थान कुमारी काजल बी ए प्रथम ईयर तथा तृतीय स्थान कुमारी मीनाक्षी बी ए फर्स्ट ईयर ने प्राप्त किया। संभाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कुमारी गरिमा बी ए थर्ड ईयर तथा द्वितीय स्थान कुमारी दीपाली बी ए थर्ड ईयर तथा तृतीय स्थान कुमारी तनु बी ए प्रथम वर्ष ने प्राप्त किया। इसके तथा निर्णायक मंडल में चित्रकला विभाग की अध्यक्षा डॉक्टर ऋषिका पांडे तथा राजनीति विज्ञान विभाग की अध्यक्षा डॉक्टर नूतन सिंह तथा गृह विज्ञान विभाग की अध्यक्षा सुश्री ऐश्वर्या बहुगुणा ने निष्पक्ष निर्णय देकर किया और अंत में महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर पूनम शर्मा ने छात्रों को हिंदी लिखने बोलने तथा हिंदी में काम करने के लिए प्रेरित तथा प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में मंच संचालन हिंदी विभाग की प्रवक्ता डॉक्टर सारिका त्यागी ने किया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की सभी शिक्षिकाओं ने उपस्थित होकर इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दिया। हिंदी विभाग की प्रवक्ता डॉक्टर सारिका त्यागी ने समस्त विभागों की शिक्षिकाओं का धन्यवाद ज्ञापन किया।

# मंडल अध्यक्ष आकाश शर्मा का जोरदार स्वागत



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** प्रदीप बोस पश्चिम उत्तर मंडल अध्यक्ष आकाश शर्मा प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के मेरठ मंडल के प्रभारी एवं सहमीडिया प्रभारी भाजपा गाजियाबाद के कार्यालय पर भाजपा के नवनियुक्त मोदीनगर मंडल के अध्यक्ष आकाश शर्मा के आगमन पर उन्हें शाल पहनाकर आशीर्वाद दिया और बधाई दी। उन्होंने कहा कि मोदीनगर मंडल अध्यक्ष आकाश शर्मा मोदी और योगी की नीतियों को आगे बढ़ाने का काम करेंगे। आकाश शर्मा ने भी कहा कि पार्टी में सभी को साथ लेकर संगठन को मजबूत करने का काम करूंगा व साथ ही पार्टी की नीतियों व सरकार की योजनाओं को जनता तक व घर घर पहुंचाने का काम करूंगा।

# पुलिस ने 15000 के इनामी अंतर राज्य नकाब जन को दबोचा

वेलकम इंडिया



**देहरादून।** चोरी व नकब्जानी में फरार चल रहे 15000 के इनामी चोर को डोईवाला पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया आरोपी के खिलाफ अलग-अलग जनपदों व प्रदेशों में एक दर्जन मुकदमे दर्ज हैं पुलिस ने चोर को न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया वादिनी श्रीमती मीना गोसाई पत्नी जितेंद्र सिंह गोसाई निवासी वार्ड नंबर 10 नियर सपेरा बस्ती मुन्ना वाला भानियावाला ने तहरीर देते हुए बताया कि उसके परिवारजन अपनी भतीजी की नौकरी के संबंध में सुबह 10:00 बजे के लगभग घर से विकास नगर गए तथा शाम को 3:00 बजे वापस आए तो उनके घर का ताला टूटा हुआ था एवं अज्ञात चोरों ने घर में कीमती ज्वेलरी के चोरी कर ली है इसी के साथ वादी जितेंद्र सिंह पुत्र गुरमीत सिंह निवासी जीवन माला लाल ताप पर डोईवाला ने थाना डोईवाला में प्रार्थना पत्र दिया कि 15 मार्च 2023 को वह सुबह प्रातः 11:00 बजे अपने परिवार के साथ शादी में डोईवाला गए थे ।

# कांग्रेस पार्टी एक अनुशासित संगठन, अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं : करन माहरा

वेलकम इंडिया

**देहरादून।** निकाय चुनाव को लेकर उत्तराखंड कांग्रेस कमेटी ने पार्टी के बागी नेताओं और कार्यकताओं पर अब सख्ती बरती शुरू कर दी है। कमेटी ने नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायत क्षेत्रों में पार्टी प्रत्याशी के खिलाफ बागी उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ने वाले कांग्रेसजनों व पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलिप्त पार्टी नेताओं को तत्काल प्रभाव से पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से छह साल के लिए निष्कासित कर दिया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा के सोशल मीडिया सलाहकार अमरजीत सिंह ने बताया कि रुड़की में मेयर पद के खिलाफ अपनी पत्नी को बागी के रूप में चुनाव लड़ा रहे पूर्व मेयर यशपाल राणा, रुद्रप्रयाग से बागी उम्मीदवार संतोष रावत, ऊखीमठ से बागी उम्मीदवार कुब्जा धर्मवाण, नगर पालिका बागेश्वर से बागी कवि जोशी, कोटद्वार में बागी उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे कांग्रेस पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष महेन्द्र पाल सिंह रावत, ऋषिकेश नगर निगम में बागी उम्मीदवार दिनेश चन्द मास्टर और महेन्द्र सिंह, चमोली जनपद के गौचर से बागी उम्मीदवार सुनील पंवार, कर्णप्रयाग से गजपाल लाल सैनी, अनिल कुमार व अनीता देवी, गैरसैंण से पुष्कर सिंह रावत, पीपलकोटी से आरती नवानी, टिहरी के नगर पालिका चंबा से बागी प्रीति पंवार, घनसाली से विनोद लाल शाह और नगर पालिका टिहरी से भगत सिह नेगी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की है। सभी को पार्टी से छह साल के लिए निष्कसित किया है।

# भाजपा ने तय किये स्टार प्रचारकों के कार्यक्रम, सीएम धामी यहाँ से करेंगे शुरूआत

वेलकम इंडिया



**देहरादून।** भाजपा प्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति ने प्रचार अभियान की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष समेत स्टार प्रचारकों के कार्यक्रमों को अंतिम रूप दे दिया है। जिसकी शुरूआत कर्णप्रयाग से सीएम धामी के कार्यक्रम से होगा। वहीं प्रदेश अध्यक्ष श्री महेंद्र भट्ट ने योगी को स्टार प्रचारक बनाने पर कांग्रेस की आपत्ति को उनकी मुस्लिमों को डराकर वोट बटोरने की कोशिश बताया है।

पार्टी मुख्यालय में हुई बैठक की जानकारी देते हुए प्रदेश मीडिया प्रभारी श्री मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि प्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति के सभी विभागों की प्रचार अभियान की रणनीति और गतिविधियों की विस्तृत चर्चा हुई। प्रदेश अध्यक्ष श्री महेंद्र भट्ट, प्रदेश महामंत्री श्री अजेय कुमार और प्रदेश महामंत्री श्री आदित्य कोठारी की मौजूदगी में हुई इस बैठक मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी समेत सभी स्टार प्रचारकों के कार्यक्रमों को अंतिम रूप देना शुरू किया गया। मुख्यमंत्री प्रचार अभियान का नेतृत्व करते हुए कल 11 जनवरी, कर्णप्रयाग से इसका आगाज करेंगे। इसी क्रम में 13 जनवरी को देहरादून के अतिरिक्त 20 जनवरी तक के कार्यक्रम तय कर दिए गए हैं। वहीं प्रदेश अध्यक्ष भी 12 जनवरी से राज्य निकायों में 40 से अधिक कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। इसी तरह पूर्व मुख्यमंत्रियों, सांसदों और कैबिनेट मंत्रियों एवं अन्य स्टार प्रचारकों से बातचीत कर उनके कार्यक्रमों को अंतिम रूप दिया गया। प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन के लिए अल्मोड़ा, देहरादून और श्रीनगर ने राज्यसभा सांसद श्री सुधांशु त्रिवेदी का भी समय लिया जा रहा है। वहीं बैठक में जानकारी दी गयी कि सभी 3 निर्विरोध और 6 समर्थन निकाय अध्यक्षों को छोड़कर शेष सभी 93 स्थानों पर चुनाव कार्यालय संचालित हो रहे हैं। साथ ही संवाद केंद्रों, प्रचार सामग्री, साहित्य वितरण, मीडिया रणनीति, रैली सभाओं, चुनाव आयोग से संपर्क आदि तमाम चुनाव संबंधी कार्यों की समीक्षा की गई। आने वाले दिनों की चुनाव सभाओं को प्रभावी बनाने और जनसंख्या की दृष्टि से सफल बनाने की रणनीति को अंतिम रूप दिया गया।बैठक के उपरांत पत्रकारों से बातचीत करते हुए प्रदेश अध्यक्ष श्री भट्ट ने कहा कि मुख्यमंत्री धामी के अतिरिक्त यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ का समय भी प्रचार के लिए लिया जाएगा। जिसके बाद हल्द्वानी, ऋषिकेश और रुड़की में उनकी जनसभा की जाएगी। इस दौरान छोटे चुनाव बताकर योगी के दौरे पर सवाल खड़ा करने पर उन्होंने पलटवार किया कि भाजपा किसी भी चुनाव को छोटा या बड़ा मानकर नहीं चलती है। हम सभी चुनावों को समान भाव से पूर्णतया गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ लड़ते हैं। हमारे लिए हर चुनाव महत्वपूर्ण होता है कोई छोटा या बड़ा नहीं होता। कांग्रेस के लोग चुनाव को बड़ा मानते हैं वह उनके विषय है। हम चुनाव को प्रभावी रूप से लेते हैं गंभीरता से लेते हैं। हमारे स्टार प्रचारकों की सूची में योगी जी का नाम है क्योंकि उत्तराखंड की जनता और पार्टी के कार्यकता उन्हें सुनना चाहता है। वे यहां के मूल निवासी भी हैं ऐसे उनका स्वागत तो कांग्रेस को भी करना चाहिए।

# मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तरायणी कौतिक का किया शुभारंभ



वेलकम इंडिया

**खटीमा।** मुख्यमंत्री उत्तराखंड पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को टीडीसी मैदान में कुमाऊं सांस्कृतिक उत्थान मंच द्वारा आयोजित उत्तरायणी कौतिक का दीप प्रज्वालित कर शुभारम्भ किया। विभिन्न विद्यालयों के स्कूली बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। लोक गायक राजेंद्र अधिकारी के गीतों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्यमंत्री धामी ने उत्तरायणी, मकर संक्रांति, घुघुतिया त्यौहार व लोहड़ी की अग्रिम बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि इस भव्य और आकर्षक उत्तरायणी मेले में विगत कई वर्षों की तरह इस वर्ष भी आप सभी के बीच आकर मुझे अत्यंत हर्ष की अनुभूति हो रही है। इस मेले से मेरा भावनात्मक जुड़ाव भी है, क्योंकि जब में यहां आता हूं तो मुझे ऐसा लगता है जैसे में अपने परिवार के बीच आया हूं। उन्होंने कहा कि इस उत्तरायणी मेले में जहां एक ओर सांस्कृतिक नृत्य और गायन से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से उत्तराखंड की लोक कलाओं एवं पारंपरिक गीतों को भावी पीढ़ी तक पहुंचाया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर मेला प्रारंभ होने से पहले निकलने वाली भव्य झांकियों से सजी रंग यात्रा में देवभूमि उत्तराखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की झलक देखने को मिलती है ।इसके साथ ही इस मेले में हैंडीक्राफ्ट और कुटीर उद्योगों के विभिन्न उत्पादों की बिक्री के लिए मंच प्रदान कर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने का प्रयास भी किया जाता है।

# आईएएस अधिकारी के पीआरओ के खराब व्यवहार से आगंतुक परेशान

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** महानगर में एक सरकारी विभाग में आला ओहदे पर तैनात एक आईएएस अधिकारी का जन संपर्क अधिकारी (पीआरओ) के खराब व्यवहार से आगंतुकों तो परेशान रहते ही हैं, वह आगंतुकों को अधिकारी के बारे में भ्रामक जानकारी देकर भी उनकी छवि को खराब करने में लगा है। शुक्रवार को भी इस पीआरओ का खराब व्यवहार देखने को मिला। एक सामाजिक व से प्रतिष्ठित व्यक्ति इन आईएएस अधिकारी से जनहित के कार्य को लेकर उनसे चर्चा करने के गए थे। इन अधिकारी से मिलने के लिए ये सज्जन निर्धारित समय पर पहुंच गये थे। इन सज्जन को पीआरओ ने उन्हें एक घंटे तक इंतजार करवाया, जबकि इस दौरान पीआरओ ने उनके बाद आये कई लोगों को इन आला अफसर से मिलने के लिए अंदर भेजता रहा। इस दौरान उन्होंने अपने खराब हो रहे स्वास्थ्य का भी हवाला दिया, लेकिन उसने उनकी तबियत की भी कोई परवाह नहीं की। धैर्य की पराकाष्ठा होने पर और पीआरओ के पक्षपात व्यवहार को देखकर इन प्रतिष्ठित व्यक्ति के पीआरओ से कहा कि वे पहले आये हैं, इसलिए उन्हें अधिकारी से मुलाकात करने के लिए पहले भेजना चाहिए। क्या मुलाकात कराने में किसी तरह का प्रोटोकॉल अथवा कायदा कानून फॉलो नहीं किया जाता। इस पर उसे पीआरओ ने बड़ी बेशर्मी के साथ जवाब दिया कि वह किसी प्रोटोकॉल को नहीं मानता। उसकी मर्जी की वह किसको पहले साहब से मिलने के लिए भेजता है। इस जवाब पर जब उन प्रतिष्ठित व्यक्ति से विरोध जताया तो करीब एक घंटे के इंतजार के बाद उनकी आईएएस अधिकारी से मुलाकात हुई। अब देखना यह है कि ये अधिकारी उसके व्यवहार में सुधार लाने के लिए उसके खिलाफ क्या ठोस कदम उठाते हैं।



शुक्रवार को भी इस पीआरओ का खराब व्यवहार देखने को मिला

# महापौर ने 13 करोड़ के निर्माण कार्यों का किया शिलान्यास

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** शहर के कई वार्डो में शुक्रवार को महापौर सुनीता दयाल ने नाले एवं सड़क निर्माण कार्यो के लगभग 13 करोड़ के शिलान्यास कर बड़ी सौगात दी। जिससे शहर के लाखों लोग प्रभावित होंगे, जिसके लिए शहरवासियों ने भी महापौर का भव्य स्वागत कर धन्यवाद ज्ञापित किया है।

वार्ड 64 एयरफोर्स बाउंड्री से सिकंदरपुर गांव होते हुए सिविल टर्मिनल रोड से बजीराबाद रोड तक आरसीसी द्वारा नाला निर्माण कार्य जिसकी लागत लगभग 6 करोड़ है। वार्ड 73 शालीमार गार्डन में गणेशपुरी पुलिया से सूर्योदय पब्लिक स्कूल तक नाले की साईट आर सी सी रिटर्निंग वॉल का निर्माण कार्य जिसकी लागत लगभग 2 करोड़ 50 लाख है। वार्ड 15 विजय नगर में ड़ीएवी चौक से मेडिकल तिराहे तक एवं ड़ीएवी चौक से बाबा अम्बेडकर पार्क बड़े नाले तक आरसीसी नाला निर्माण कार्य जिसकी लागत लगभग 84 लाख है। वार्ड-28 मोहन नगर राजीव कॉलोनी में मोहन नगर मंदिर के सामने क्षतिग्रस्त नाले एवं मोहन नगर चौराहे पर अग्रवाल स्वीट्स से कटोरी मिल शौचालय तक आर सी सी नाला निर्माण कार्य जिसकी लागत लगभग 1 करोड़ 50 लाख है। जीड़ीए फोर लेन से पाईप लाईन रोड तक आरसीसी सड़क निर्माण कार्य जिसकी लागत लगभग 2 करोड़ 50 लाख है। यह आरसीसी की सड़क को नई टेक्नोलॉजी व्हाइट टॉपिंग के माध्यम से बनाया जाएगा। जिसमे वेस्ट प्लास्टिक का प्रयोग भी किया जाएगा। जिसके कारण आरसीसी की सड़क की उम्र लगभग 20 वर्ष तक कि होगी। महापौर सुनीता दयाल ने बताया कि उपरोक्त सभी वार्डो में यह निर्माण कार्यो की बहुत आवश्यकता थी गणेशपुरी में तो खुला नाला कॉलोनी के बीच से निकलकर जाता है। जिससे किसी की जान भी जा सकती थी और ऐसे ही जीडीए फोर लेन की सड़क को लेकर गांव वासी बहुत समय से गुहार लगा रहे थे। क्योंकि उस रास्ते ने नगर निगम की कूड़े की गाडियों भी जाति है। इसलिए उस सड़क को व्हाइट टेपिंग टेक्नोलॉजी के माध्यम सेओर मजबूती मिलेगी व सभी आने जाने वाले ग्राम वासियों को भी सहुलियत रहेगी। इसी प्रकाश शहर के सभी वार्डो में धीरे-धीरे एक समान विकास के कार्य कराए जा रहे हैं। इस दौरान पार्षद पुनम सिंह, पार्षद राजीव भाटी, पार्षद सुधीर कुमार, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मानसिंह गोस्वामी, मण्डल अध्यक्ष भूषण सिंह चौहान, मण्डल अध्यक्ष हेमराज माहौर, पूर्व पार्षद तेजपाल राणा, पूर्वांचल समिति के अध्यक्ष अनिल सिंह आदि।

# छोले भटूरे खाते ही युवक को आया हार्ट अटैक, मौत

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** इन दिनों हार्ट अटैक से मौत के कई मामला सामने आ रहे है। कभी जिम में तो कभी राह चलते कई लोग रोजाना अपनी जान गवा रहे हैं। इसी बीच गाजियाबाद के मुरादनगर में एक दुखद घटना में छोले भटूरे खाते समय एक 40 वर्षीय व्यक्ति की हृदय गति रुकने से मृत्यु हो गई। जानकारी के अनुसार, कुम्हैड़ा गांव के निवासी संदीप त्यागी बृहस्पतिवार दोपहर लगभग ढाई बजे रावली रोड स्थित जीतपुर कॉलोनी में सीताराम की दुकान पर छोले भटूरे का आनंद ले रहे थे। अचानक वे बेहोश हो गए और आसपास के लोगों ने तुरंत उन्हें नजदीकी सरकारी अस्पताल पहुंचाया।एसीपी सिद्धार्थ गौतम के अनुसार, अस्पताल में डॉक्टरों ने संदीप को मृत घोषित कर दिया।

# गन्ने की खरीद-फरोख्त करने गए पिता-पुत्र किया लाठी-डंडो से हमला

**गाजियाबाद।** मधुबन बापूधाम थानाक्षेत्र के रईसपुर गांव में गन्ने की खरीद–फरोख्त करने गए पिता–पुत्र पर आधा दर्जन अज्ञात लोगों ने लाठी–डंडों से हमला कर दिया। हमले में पिता को चोट आई, जबकि बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित ने थाने में शिकायत देकर कार्रवाई की गुहार लगाई। पुलिस का कहना है कि केस दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। मधुबन बापूधाम थानाक्षेत्र के गांव सदरपुर में रहने वाले राजेंद्र कुमार का कहना है कि नौ जनवरी की शाम करीब साढ़े पांच बजे वह रईसपुर गांव में गए थे।

# 20 हजार भवन स्वामियों को निगम ने भेजा नोटिस

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** नगर निगम ने टैक्स वसूली तेज कर दी है। इंदिरापुरम के ही 20 हजार भवन स्वामियों को नगर निगम ने बकाया जमा करने के लिए नोटिस भेजे हैं। नोटिस में कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बताया कि इंदिरापुरम के भवन स्वामियों पर गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) का 95.42 करोड़ रुपया बकाया योजना के हैंडओवर के साथ नगर निगम को मिला है। जीडीए से मिली सूची के मुताबिक नोटिस भेजे जा रहे हैं। कुल बकाएदारों की संख्या 50 हजार से अधिक है, फिलहाल 20 हजार को नोटिस भेजे गए हैं, बाकी को भी नोटिस भेजने की तैयारी है।

हाल में ही जीडीए से नगर निगम को हैंडओवर हुई इंदिरापुरम योजना के कुल 50,893 भवन स्वामियों पर वर्ष 2023- 24 को जीडीए का मेंटेनेंस चार्ज का 95.42 करोड़ रुपया बकाया है। पिछले सप्ताह जीडीए ने बकाएदारों की सूची नगर निगम को सौंपी थी। जीडीए योजना के रखरखाव के लिए मेंटेनेंस चार्ज वसूलता था। इसमें पानी, सीवर, सड़क पार्क आदि का टैक्स शामिल होता है। बकाया मेंटनेंस चार्ज की डिटेल जीडीए ने नगर निगम की सौंप दी है। नगर निगम ने बकाया वसूली के लिए 20 हजार भवन स्वामियों को नोटिस जारी किए हैं। बाकी बकायेदारों को भी जल्द नोटिस भेजे जाएंगे। वंसुधरा जोनल प्रभारी/मुख्य कर अधीक्षक सुनील राय ने बताया कि 3 जनवरी को जीडीए से मिली बकाएदारों की सूची के मुताबिक 20 हजार बकाएदार भवन स्वामियों को नोटिस भेजे गए हैं, बाकी 30 हजार से अधिक बकाएदारों को भी जल्दी नोटिस भेजे जाएंगे। नगर निगम का प्रयास है कि इन वित्तीय वर्ष में इंदिरापुरम से बकाया वसूल कर लिया जाए।

नगरायुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बताया कि इंदिरापुरम योजना के साथ गाजियाबाद नगर निगम को गाजियाबाद विकास प्राधिकरण से 185 करोड़ रुपये की राशि भी मिली है। इस पैसे से इंदिरापुरम योजना में विकास कार्य कराए जा रहे हैं। सड़क निर्माण के लिए टेंडर निकाले गए हैं। पार्कों में काम किया जा रहा है। इंदिरापुरम में सीवर समस्या पर नगर निगम ने काम शुरू कर दिया है। जीडीए ने नगर निगम को 50 करोड़ रुपये की राशि सड़कों के निर्माण और इतनी ही राशि नाले नालियों के निर्माण के लिए देने की बात तय की है।

# पीएम गतिशक्ति नेशनल मास्टर प्लान के लिए जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कार्यशाला

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** दुर्गावती देवी सभागार, विकास भवन में शुक्रवार को पीएम गतिशक्ति नेशनल मास्टर प्लान के लिए एरिया डेवेलपमेन्ट प्लानिंग और जिला/स्थानीय स्तर की भूमिका तथा आपेक्षित उद्देश्य की प्राप्ति के लिए जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में एक कार्यशाला का आयोजन इन्वेस्ट यूपी एवं रिमोट सेंसिंग एप्लीकेशन सेन्टर उप्र के अधिकारियों के साथ किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ जिलाधिकारी ने किया। तत्पश्चात रमेश कुमार वर्मा उप सचिव, डीपीआईआईटी द्वारा पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान की विस्तृत जानकारी दी गई। डॉ पुष्पेन्द्र यादव, वैज्ञानिक आरएससीयूपी द्वारा जिला स्तरीय ढॉचे तथा उसके तकनीकी पहलुओं पर लाइव प्रदर्शन भी किया गया। विजय कुमार टीएसयू टीम इन्वेस्ट यूपी द्वारा पीएम गतिशक्ति राज्य मास्टर प्लान की प्रगति पर प्रस्तुतिकरण किया गया। अन्त में सीडीओ अभिनव गोपाल द्वारा समापन करते हुए उद्बोधन किया गया। कार्यक्रम में उद्योग उपायुक्त श्रीनाथ पासवान के साथ निम्नलिखित जिला स्तरीय अधिकारी एवं कार्यदायी संस्था उपस्थित रहे।

# पुलिस मुठभेड़ में दो गोकश तस्कर घायल

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** देर रात भोजपुर थाना पुलिस और स्वाट टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए अमराला गांव के जंगल में गोकशों को घेर लिया।

शातिरों ने गिरफ्तारी से बचने के लिए पुलिस पर गोली चला दी। पुलिस द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई में दो गोकशों को गोली लगने के बाद गिरफ्तार कर लिया गया जबकि उनके तीन साथी पुलिस को गच्चा देकर मौके से फरार होने में कामयाब रहे। पुलिस की गिरफ्त में आए बदमाशों ने अपने नाम मुस्तफा पुत्र आशक और अफजाल पुत्र तौसीफ बताए हैं। दोनों भोजपुर थानाक्षेत्र के कल्छीना गांव के रहने वाले हैं। डीसीपी देहात सुरेंद्र नाथ तिवारी ने बताया कि लगातार गोकशी की सूचनाओं पर स्वाट टीम और भोजपुर थाना पुलिस की टीम देर रात सर्च ऑपरेशन चला रही थी। अमराला गांव के जंगल में पुलिस को पांच संदिग्ध जाते दिखे।

# पंजाब तेल एक्सपोलर कंपाउंड व्यापारी एसोसिएशन ने मनाया लोहड़ी का पर्व

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** पंजाब तेल एक्सपोलर कंपाउंड व्यापारी एसोसिएशन रजिस्टर्ड द्वारा नववर्ष एवं लोहड़ी का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कंपाउंड में सभी व्यापारी भाइयों ने बहुत धूमधाम हर्षो उल्लास से लोहड़ी का पर्व मनाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सौरभ जायसवाल मंत्री प्रतिनिधि में शिरकत की और सभी व्यापारी भाइयों को मंत्री जी नरेंद्र कुमार कश्यप की ओर से शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि मंत्री को इस कार्यक्रम में शिरकत करनी थी। परंतु संगठनात्मक कार्यक्रम की वजह से लखनऊ प्रस्थान करना पड़ा। उन्होंने कहा कि आप सभी व्यापारी लोगों के लिए मंत्री जी हमेशा तत्पर है। संस्था के अध्यक्ष मनीष मदन व अध्यक्ष अनिल कपूर के द्वारा मुख्य अतिथि को शॉल व बुके प्रदान कर स्वागत किया गया और वार्षिक पुस्तक का विमोचन उनके कर कमल के द्वारा किया गया कार्यक्रम के समापन पर अध्यक्ष मनीष मदन के द्वारा आए हुए सभी व्यापारी बंधुओ को शुभकामनाएं प्रेषित की गई और लोहड़ी का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर यश जुनेजा, राजेंद्र सिंह, हरजीत सिंह, जसवीर सिंह, राजीव वालिया, रोहित, जसपाल सिंह, अजीत अग्रवाल, मौसम बतला, अमित अरोड़ा, अंकित सिंघल, कृपाल सिंह, सुमित गर्ग, मंगू राम पांचाल, नीरज पांचाल, अमित नागलिया, क्षितिज, सुमित सहित समस्त व्यापारीगण उपस्थित रहे।

# अत्याधुनिक उपचार तकनीक कैंसर के खिलाफ सामूहिक लड़ाई में मैक्स का शक्तिशाली कदम: डीएम

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** वैशाली स्थित मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल ने शुक्रवार को कैंसर के खिलाफ लड़ाई में एक अहम कदम उठाया है। अस्पताल ने ईडीजीई 3.0 की नई तकनीक लॉन्च की है, जो भारत में अपने तरह की सबसे एडवांस कैंसर केयर की तकनीक है। इसके साथ एडवांस कैंसर केयर के लिए हाइपरआर्क और एक्सैकट्रैक डायनेमिक 2.0 भी उपलब्ध है। कैंसर के इलाज में इस तकनीक का इस्तेमाल पूरे उत्तर भारत के लिए बड़ा क्रांतिकारी कदम है। इस तकनीक से नॉन इनवेसिव व पेन फ्री अप्रोच के साथ मरीजों को जल्दी रिकवरी मिलती है। जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने मैक्स हॉस्पिटल में द ईडीजीई 3.0 का उद्घाटन किया। इस मौके पर सीएमओ डा. अखिलेश मोहन, मैक्स सुपर स्पेशियलिटी वैशाली व लखनऊ के एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट व जोनल हेड डॉ. गौरव अग्रवाल और मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल वैशाली में रेडिएशन ऑन्कोलॉजी की डायरेक्टर डॉ. राशि अग्रवाल भी मौजूद रहीं। रेडियो सर्जरी और रेडियोथेरेपी के इलाज में ईडीजीई 3.0 एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

# चालीस घंटे में लूट की बड़ी वारदात का खुलासा, गाजियाबाद पुलिस का सराहनीय कार्य: सरदार एसपी सिंह

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** अल्पसंख्यक आयोग उत्तर प्रदेश के पूर्व सदस्य सरदार एसपी सिंह ने गाजियाबाद पुलिस द्वारा कविनगर में हुई बड़ी लूट की वारदात का पदार्फाश करने पर पुलिस कमिश्नर अजय मिश्र व उनकी पूरी टीम को इस सराहनीय कार्य के लिए को बधाई दी है। श्री सिंह के अनुसार मात्र चालीस घंटे में कविनगर में हुई लूट का खुलासा करके गाजियाबाद पुलिस ने वाकई सराहनीय कार्य किया है। इससे लोगों में पुलिस के प्रति विश्वास और भरोसा बढ़ेगा। लोगों को अपने घरेलू नौकरों की पुलिस वेरिफिकेशन कराने के लिए जागरूक करने की आवश्यकता है। इस सराहनीय कार्य के लिए आपको व डीसीपी राजेश कुमार व उनकी पूरी पुलिस टीम को हार्दिक बधाई। इस घटना के खुलासे से आम जनमानस के साथ साथ पुलिस कर्मियों का भी मनोबल बढ़ेगा।

# चिता से पर्यावरण की चिंता को कम करेंगे नगर आयुक्त

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** चिता को जलाने में लकडियों का बेतहाशा इस्तेमाल और इसके धुएं व राख प्रदूषण की चिंता बढ़ा दी है। जल, मिट्टी और वायु के बढ़ते प्रदूषण ने पूरी दुनिया की नींद उड़ा दी है। लकडियों का बेतहाशा इस्तेमाल और इसके धुएं व राख प्रदूषण की चिंता को कम करने के लिए नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने नई पहल करते हुए हिंडन शमशान घाट पर कम धुएं वाला उच्च तकनीकी दाह संस्कार संयंत्र लगाने कवायद तेज कर दी है। नगर आयुक्त के इस प्रयास से जहां एक ओर लकड़ी की खपत कम होगी तो दुसरी ओर पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। जनवरी 2025 में नगर आयुक्त कई कार्यों को धरातल पर ला चुके है। साथ ही आगामी योजनाओं को भी शहरवासियों के लिए बनाई जा रही है। नगर आयुक्त द्वारा हिंडन नदी के समीप स्थित श्मशान घाट के जीर्णोद्धार करने और कम धुआं देने वाले आधुनिक दाह संस्कार संयंत्र स्थापित करने का कार्य जनवरी में प्रारंभ करने के लिए निर्देशित किया। जिसके लिए मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी व अन्य टीम कार्य योजना बना रही है। शुक्रवार को हिंडन शमशान घाट पर कम धुएं वाला उच्च तकनीकी दाह संस्कार संयंत्र का नगर आयुक्त द्वारा प्रोजेक्ट का डेमो भी देखा गया। नगर आयुक्त ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण के क्रम में नगर निगम लगातार कार्य कर रहा है। शमशान घाट पर 40 से अधिक प्लेटफॉर्म बने हुए हैं। जिनमें एक बार में प्रतिदिन 400 से 500 क्विंटल लकडियों के माध्यम से अंतिम संस्कार की कार्यवाही की जाती है।

